■ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

वर्ष : 36, अंक : 275
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
3 मार्च 2026
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90


## सूचना

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस 3 एवं 4 मार्च 2026 को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 6 मार्च को प्रकाशित होगा।

संपादक-प्रकाशक

## शुभकामनाएं

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सभी शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

कमल किशोर
संपादक-प्रकाशक

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश ने दी होली की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों की जिन्दगी में खुशियों का नया रंग लेकर आयेगा। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना आयेंगे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल पटना पहुंचेंगे। उनके इस दौरे को संगठनात्मक और राजनीतिक, दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार वे होली कार्यक्रम में भाग लेने के बाद 5 मार्च को दिल्ली लौट सकते हैं। पटना महानगर भाजपा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में नितिन नवीन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# पटना के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी निजात : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सैदपुर भूमिगत नाला निर्माण के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले भी इसे आकर कई बार देखा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सैदपुर नाले का बेहतर ढंग से जीर्णोद्धार कर इसके ऊपर फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि यह योजना काफी अच्छी है। इसके पूर्ण होने से सैदपुर, राजेन्द्र नगर, मुसल्लहपुर हाट, गायघाट और पहाड़ी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त होगी तथा न्यू पटना बाईपास से जुड़ने का लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिलेगी। फोर लेन सड़क बन जाने से




शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने के साथ-साथ शहर भी खुबसूरत दिखेगा। पटना डीएम के अनुसार पटना के नौ ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं एक सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) के पानी का बहाव सैदपुर नाला के माध्यम से होता है। नगर विकास विभाग अन्तर्गत बुडको के द्वारा 259.81 करोड़ रूपये की लागत से सैदपुर नाला पर पहाड़ी तक भूमिगत नाला के साथ सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस नाला की लंबाई 5.61 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ने बाकरगंज भूमिगत नाला निर्माण के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसका निर्माण कार्य बेहतर ढंग से और जल्द पूर्ण करें। इसके पूर्ण होने से इस क्षेत्र में जल निकासी बेहतर होगा और जलजमाव की समस्या नहीं रहेगी। नाले के ऊपर सड़क बनने से इस क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। इसके अलावा बाकरगंज नाला पटना शहर के भीतरी हिस्से में स्थित एक मुख्य नाला है जो उमा सिनेमा हॉल से शुरू होकर अंटा घाट तक गंगा नदी की ओर जाता है। यह नाला शहर के कई भागों, बाजारों एवं आवासीय इलाकों के बीच से गुजरता है। वर्षा के समय जल निकासी के लिये यह एक अहम मार्ग है। इस योजना के तहत 1.4 किलोमीटर लंबी सड़क नाले के ऊपर बनाई जा रही है, जिससे ट्रैफिक और जल निकासी दोनों में सुधार होगा।

# गोपालगंज में निर्माणाधीन आरसीसी पुल ढलाई के दौरान क्षतिग्रस्त, तीन अभियंता निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नाबार्ड राज्य योजना के अंतर्गत गोपालगंज के सिधवलिया प्रखंड के बखरौल कुर्मी टोला पथ पर घोघरी नदी के ऊपर निर्माणाधीन आरसीसी पुल की ढलाई के दौरान एक स्पैन के क्षतिग्रस्त होने की घटना को ग्रामीण कार्य विभाग ने काफी गंभीरता से लिया है। इस मामले में विभाग ने गोपालगंज कार्य प्रमंडल-2 के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जबकि इस पुल के निर्माण कार्य में लगे संवेदक बापूधाम कंस्ट्रक्शन, मोतिहारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। घोघरी नदी पर बन रहे इस आरसीसी पुल का एल-041 से लेकर एल-039 का एक हिस्सा ढलाई के दौरान ही गिर गया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी भी तरह की जानमाल की हानि की सूचना नहीं है। ग्रामीण कार्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग की ओर से मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, नोडल पदाधिकारी के साथ विभाग के वरीय पुल सलाहकार को पुल की ढलाई के दौरान एक स्पैन के क्षतिग्रस्त होने की घटना के जांच हेतु घटनास्थल पर भेजा गया तथा जांच की जा रही है। विभाग के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी कार्यपालक अभियंताओं को पुल के निर्माण के पूर्व वरीय पुल सलाहकार से डीपीआर जांच करवाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन संबंधित अभियंता एवं संवेदक द्वारा विभाग के इस निर्देश का पालन नहीं किया गया और पुल की ढलाई के दौरान ही यह हादसा हो गया। उल्लेखनीय है बखरौल कुर्मी टोला में घोघरी नदी पर निर्माणाधीन इस आरसीसी पुल का निर्माण कार्य पिछले वर्ष 7 मार्च को शुरू किया गया था और इस पुल का निर्माण आगामी 6 मार्च, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

# सहायक अभियंता पांच लाख घूस लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा बड़ा घूसकांड सामने आया है। पटना से आई निगरानी टीम ने सहायक अभियंता रौशन कुमार को 5 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। मामला 57 लाख रुपये की रिपेयरिंग योजना से जुड़ा है। रहीमपुर नौतन निवासी शम्स तबरेज ने शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि बिल भुगतान के लिए सहायक अभियंता 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहे थे। शिकायत में बताया गया कि काम पूरा होने के बाद भी भुगतान रोका जा रहा था। कमीशन दिए बिना फाइल आगे नहीं बढ़ रही थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने पहले सत्यापन किया। आरोप सही पाए जाने पर टीम ने जाल बिछाया। तय योजना के तहत 5 लाख रुपये देते समय अभियंता को रंगे हाथ दबोच लिया गया। कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार की देखरेख में हुई। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई।

# होली में चाक-चौबंद सुरक्षा, अनुमंडल स्तर तक तैनात रहेगी क्यूआरटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस महकमा ने चाक-चौबंद तैयारी कर ली है। इस बार जिला मुख्यालय के अलावा अनुमंडल स्तर पर भी अधिक से अधिक संख्या में क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) बनाकर तैनात किया जा रहा है। जिन जिलों या स्थानों पर पिछले वर्ष होली के मौके पर किसी तरह का दंगा-फसाद की घटना हुई है, उन स्थानों पर इस वर्ष खासतौर से चौकसी बरतते हुए क्यूआरटी की विशेष तैनाती की जाएगी। यह जानकारी एडीजी (विधि-व्यवस्था) श्री पंकज कुमार दराद ने सोमवार को दी। वे पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। सभी जिलों को होली के दौरान किसी तरह की हरकत या हुड़दंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह की हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीजी श्री दराद ने कहा कि होली के मौके पर अरवल, नवादा, गया जैसे जिलों में झूमटा जुलूस निकालने की परंपरा है। इसके मद्देनजर इन जिलों में खासतौर से चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इन जिलों में अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बिना लाइसेंस के कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। सभी थानों को जुलूस के रूट का भौतिक सत्यापन करने के बाद ही लाइसेंस जारी करने के लिए कहा गया है। पिछले वर्ष गया में 142, नवादा में 81 और अरवल में 12 झूमटा जुलूसों को लाइसेंस दिए गए थे। उन्होंने कहा कि रमजान चल रहा है। ऐसे में होलिका दहन के लिए उपर्युक्त स्थान का चयन करने के साथ ही रंग-अबीर खेलने को लेकर भी ऐतिहात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। किसी स्थान पर तेज आवाज में डीजे बजाने खासकर अश्लील गाना बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। सभी जिलों को इससे संबंधित दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। एडीजी ने कहा कि जिला और अनुमंडल स्तर पर वज्र वाहन, वाटर कैनन और लाठी पुलिसबल के साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा सभी जिलों को सोशल मीडिया पर खासतौर से चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।




# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बिहार में रोजगार उत्सव, 1.81 करोड़ महिलाओं को मिला आर्थिक संबल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को राज्य में महिला रोजगार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत आठ मार्च को सभी जिला मुख्यालयों पर रोजगार उत्सव के रूप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला उद्यमी-जीविका दीदी बड़ी संख्या में मौजूद होंगी जहां महिला रोजगार और उसकी प्रगति को लेकर चर्चा की जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के तहत विभागीय मंत्री श्रवण कुमार नालंदा में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करेंगे। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद महिला सशक्तिकरण पर कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इसमें मुख्य रूप से वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह के रूप में जीविका का गठन किया गया। अभी तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 11 लाख 82 हजार से भी अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। इन समूहों से राज्य भर में एक करोड़ 80 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। राज्य सरकार ने जीविका समूह से जुड़ीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की ही मंशा से पहली बार 26 सितंबर 2025 को 75 लाख महिलाओं के खातों में 7500 करोड़ रुपए अंतरित किए। यह राशि लाभुकों को प्रति लाभुक 10 हजार रुपए के हिसाब से दी गई। सरकार का उद्देश्य था कि घरों में अभी तक चूल्हा-चौका तक सीमित महिलाएं खुद के स्तर पर छोटा-मोटा रोजगार शुरू करेंगी और इससे उनके लिए आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया रास्ता खुलेगा। सरकार का यह प्रयोग काफी सफल रहा जिस भी महिला के खाते में 10 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई उनमें से अधिकांश ने खुद का रोजगार शुरू कर लिया है। योजना की सफलता को देखते हुए सरकार ने अलग-अलग छह बार में राज्य के करीब एक करोड़ 81 लाख महिलाओं में अभी तक प्रति महिला 10 हजार रुपए के हिसाब से 18 हजार 100 करोड़ रुपए अंतरित किए हैं। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार का कहना है कि रोजगार के लिए खातों में भेजी गई राशि से जिन महिलाओं ने खुद का रोजगार शुरू कर लिया है। समीक्षा के बाद उनके कारोबार की उन्नति के लिए सरकार पुनः दो लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देगी। उन्होंने कहा कि देश में बिहार ऐसा एक राज्य है जहां महात्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन से आधी आबादी तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अपना पांव बढ़ा रही है। महिलाओं को रोजगार की सहूलियत में अलग-अलग स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त 28 रेलकर्मियों का किया गया 'समापक भुगतान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फरवरी माह-2026 में सेवानिवृत्त हुए 28 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल के अधिकारी क्लब में 'समापक भुगतान एवं भावभीनी विदाई' दी गई। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने 'समापक भुगतान' की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश न करें एवं अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें।

## होलिका दहन अच्छाई की जीत का उत्सव : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने समस्त प्रदेशवासियों को होलिका दहन के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय, आपसी सद्भाव, सामाजिक सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा तिथि में और भद्रा की समाप्ति के बाद किया जाता है जिसका विशेष आध्यात्मिक महत्व है। उन्होंने कहा कि होलिका दहन को अच्छाई की जीत का उत्सव इसलिए कहा जाता है क्योंकि इससे जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार सत्ता, शक्ति और अहंकार के सामने भक्ति की विजय होती है। यह पर्व हमें सत्य, आस्था और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि होलिका दहन की पवित्र अग्नि हमारे जीवन से सभी नकारात्मकताओं का नाश करे तथा नए उत्साह, उमंग और उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने यह भी कहा कि यह पर्व समाज में प्रेम, एकता और समरसता को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। सभी लोगों से उन्होंने आग्रह किया कि वे पारंपरिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ इस पर्व को मनाएं तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाएं।

## युद्ध संकट में फंसे प्रवासी बिहारियों के लिए बड़ी राहत, हेल्पलाइन नंबर जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खाड़ी देशों में बढ़ते युद्ध संकट के बीच बिहार सरकार ने वहां काम कर रहे प्रवासी कामगारों की सुरक्षा को लेकर बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया है। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने दिल्ली स्थित बिहार भवन के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर- 7217788114 जारी किया है, ताकि विदेशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों और उनके परिजनों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए दीपक आनन्द ने कहा कि बिहार सरकार अपने नागरिकों और कामगारों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मिडिल इस्ट में मौजूदा तनावपूर्ण हालात को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि संकट की स्थिति में कोई भी प्रवासी बिहारी खुद को अकेला महसूस न करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हेल्पलाइन नंबर के जरिए प्रवासी कामगार किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। विभाग की टीम 24 गुणे 7 इसकी निगरानी रख रही है और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई कर संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। दीपक आनंद ने यह भी कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता है कि विदेशों में काम कर रहे बिहार के श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए।

## राष्ट्रीय पहचान से अंतर्राष्ट्रीय सम्मान तक पहुंचा कैरियर मिशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जंदाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी ने डिजिटल एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए राष्ट्रीय पहचान से अंतर्राष्ट्रीय सम्मान तक अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीकी संसाधनों और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के माध्यम से संस्थान आज क्षेत्र के युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। संस्थान के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा के नेतृत्व में कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी ने कौशल विकास और डिजिटल सशक्तिकरण को अपना मुख्य लक्ष्य बनाया है। ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराकर संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल स्थापित की है। संस्थान में 250+ आधुनिक एवं इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं जिनमें प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब डेवलपमेंट, अकाउंटिंग एवं ऑफिस ऑटोमेशन प्रमुख हैं।

## एग्जीबिशन रोड में राजस्थानी संस्कृति से मना होलिका दहन का त्योहार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा राजधानी के एग्जीबिशन रोड में पूरी राजस्थानी संस्कृति से होलिका दहन का त्यौहार विधि विधान से मनाया गया। इस मौके पर राजस्थानी समाज की महिलाओं ने पूरी संस्कृति के अनुसार होलिका दहन का त्यौहार मनाया और ठंडी होलिका की पूजा की। इस संदर्भ में शक्तिधाम स्थित दादी जी मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि वहां विगत 36 साल से होलिका दहन का कार्यक्रम मनाया जा रहा है जहां राजस्थानी समाज की महिलाएं चुनरी पहनकर पूरी, हलवा व कच्चा सूत लेकर होलिका की परिक्रमा करती है और ठंडी होली की पूजा करती है। उन्होंने बताया कि ठंडी होली की पूजा प्रातः 8:00 बजे से शुरू हुई जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने होलिका की पूजा अर्चना की। इस दौरान दिन भर के पूजा पाठ के बाद रात में 12 बजे के बाद होलिका दहन का त्यौहार मनेगा जहां मारवाड़ी समाज के महिला एवं पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लेंगे।
















## क्रॉम्पटन ने डिजिटल फिल्म बिना रुके, ज्यादा चले के साथ मनाया होली का उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के सबसे भरोसेमंद उपभोक्ता विद्युत ब्रांडों में से एक क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी एआई-संचालित डिजिटल फिल्म, क्रॉम्पटन पंप्स-बिना रुके, ज्यादा चले लॉन्च की है। एआई द्वारा संचालित यह डिजिटल फिल्म जीवंत उत्सवपूर्ण दृश्यों को सहज प्रदर्शन परिवर्तनों के साथ प्रस्तुत करती है। इसकी कथा पंप के निर्बाध प्रदर्शन को दर्शाती है-मजबूत सक्शन और स्थिर जल प्रवाह के माध्यम से, जो उत्सव को बिना विराम आगे बढ़ाता है। अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के मुख्य विपणन अधिकारी तन्मय प्रस्ती ने कहा कि होली ऊर्जा, गतिशीलता और साथ मिलकर उत्सव मनाने का पर्व है। बिना रुके, ज्यादा चले के माध्यम से हमारा उद्देश्य इसी उत्साहपूर्ण गति को दर्शाना था, साथ ही निर्बाध प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित करना था।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में इस्ट सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों के साथ परिचालन, रेलवे के विकास, कर्मचारी कल्याण संबंधी कार्यों पर विचार-विमर्श एवं सुझावों के आदान प्रदान हेतु स्थायी वार्ता तंत्र की वर्ष 2026 की प्रथम बैठक का आयोजन हुआ। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व महाप्रबंधक के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' का पाठन किया गया। प्रस्ताव की भावना के अनुरूप ही सभी रेलकर्मियों द्वारा सेवाभाव व निष्ठा की प्रतिबद्धता दुहराई गई जिससे रेल एवं देश के विकास में सम्यक योगदान होगा। बैठक में अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव एवं सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष तथा अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।








# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजनों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी जा रही है। व्यवहार न्यायालय, नवादा में कुल 3950 वादों को चिन्हित किया गया है तथा 3503 पक्षकारों को नोटिस तामिला हेतु सर्व किया जा चुका है। चिन्हित वादों में एमएसीटी – 96, मैट्रिमोनियल – 12, क्रिमिनल वाद – 3433, जी०ओ० वाद (माइनिंग) – 106, वन वाद – 134, माप-तौल – 82, श्रम वाद – 23, धारा 138 एन.आई. एक्ट – 54, सिविल वाद – 10, टेलीफोन वाद – 251 तथा बैंक से संबंधित मामलों की बड़ी संख्या शामिल है। विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि सभी विभाग समय पूर्व आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करें तथा निर्गत नोटिसों की तामिला शीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि पक्षकार आपसी सुलह के माध्यम से अपने मामलों का निपटारा कर सकें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन पर बल दिया। व्यवहार न्यायालय के पदाधिकारियों द्वारा पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिकों को पक्षकारों पर नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे अधिकाधिक मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सके। विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, सुलभ एवं त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। यह पहल न्यायालय की जटिल प्रक्रिया के स्थान पर संवाद, सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान को प्राथमिकता देती है, जिससे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके।

## बच्चों के मैत्रीवत विधिक सहायता कानून पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में 1 मार्च 2026 को नवादा प्रखंड अंतर्गत ओरैना ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में बच्चों के मैत्रीवत विधिक सहायता हेतु बनाए गए कानूनों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पीड़ित को मिला चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा तकिया कलां द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के पति को किया गया बीमा लाभ के रूप में दो लाख का भुगतान दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक शाखा तकिया कलां के द्वारा नालंदा जिले के ग्राम तकिया कलां निवासी राजकुमारी देवी की मृत्यु के पश्चात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाई के तहत योजना का लाभ के रूप में उनके पति राजकुमार को कुल दो लाख रुपया का भुगतान किया गया। शाखा




प्रबंधक सौरव कुमार ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक शाखा तकिया कलां की खाताधारक राजकुमारी देवी का निधन हो गया था। मृत्यु से पूर्व राजकुमारी देवी के द्वारा बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा तकिया कलां में 436 रूपये सालाना प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना पंजीकरण कराया गया था। मृत्यु के पश्चात मृतक के खाते में नामिनी के रूप में दर्ज उनके पति राज कुमार को दो लाख रुपये का भुगतान खाते में अंतरण के माध्यम से दिया गया।

शाखा प्रबंधक सौरव कुमार ने बताया कि 18 से 50 साल उम्र के कोई भी व्यक्ति सालाना 436 रूपए का प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में दो लाख का जीवन बीमा करा सकते है। साथ हीं 18 से 70 साल का कोई भी व्यक्ति 20 रुपए का सालाना प्रीमियम देकर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का दुर्घटना बीमा भी करा सकता है।


## समाहरणालय, गढ़वा
## (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
## कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा

Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**



नाम : गुलेथ भुईयां
लिंग : पु0
माता का नाम : अज्ञात
पिता का नाम : अज्ञात
उम्र : 14 वर्ष (लगभग)
ऊँचाई : 5 फीट
बालक का रंग : सावला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक कोविडकाल में ही गढ़वा जिला के भवनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुई है। बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् चाइल्ड लाइन के सहयोग से कोविडकाल से ही वात्सल्य धाम, बाल गृह, पलामू में संरक्षित है। बालक मंदबुद्धि होने के कारण माता–पिता एवं पता बताने में असमर्थ है।

बालका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। उक्त बालक के संबंध में बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा ली गई निर्णय सर्वमान्य होगा।

**कार्यालय पताः–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।**

**PR.NO.374010 Social Welfare,Women and Child Development(25-26):D**


# सीओ-आरओ रहे कलमबंद हड़ताल पर

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** बिहार के सीओ सहित राजस्व सेवा के अन्य अधिकारी एक बार फिर से होली के बाद से हड़ताल पर जाने वाले हैं। जिसको लेकर सीओ एवं आरओ ने सोमवार को कलमबंद हड़ताल कर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि सरकार से हुए समझौतों को लागू करने को लेकर संघ के आहवान पर दो मार्च को राज्यव्यापी सामूहिक कलमबद्ध (पेन डाउन) और काला बिल्ला लगाने का निर्णय लिया गया है। अगर इसके बाद भी सरकार की ओर से अविलंब सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो राजस्व अधिकारी 6 मार्च से हड़ताल पर जाने सहित अन्य निर्णय लेने को स्वतंत्र होंगे। उन्होंने बताया कि बिहार राजस्व सेवा संघ के पदाधिकारियों ने इस बाबत उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को पत्र भेजकर सूचना दे दी है। पत्र में कहा गया है कि संघ के अधिकारी दो से छह फरवरी तक सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान पांच फरवरी को संघ से उपमुख्यमंत्री और विभाग के प्रधान सचिव ने बातचीत की। सात बिंदुओं पर सहमति बनी। तय हुआ कि डीसीएलआर के पद पर राजस्व सेवा के अधिकारी ही तैनात होंगे,जबकि डीसीएलआर का पद परम्परागत रूप से बिहिर राजस्व सेवा की प्रोन्नति का पद रहा है। संघ को आश्वस्त किया गया था कि 12 फरवरी तक विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया जाएगा।

# बुराई पर अच्छाई की जीत की प्रतीक होली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब तथागत बिहारशरीफ के द्वारा होली के पावन अवसर पर रंगोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब तथागत के सदस्यों ने इंटरैक्ट क्लब के बच्चे, रोटरी तथागत स्कूल के लगभग 350 छात्र-छात्राएं तथा क्लब के रोटेरियन सदस्यगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इंटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने भी रोटेरियनों के साथ मिलकर होली का आनंद उठाया। बच्चों की उमंग, उत्साह और हंसी-खुशी ने पूरे वातावरण को रंगमय और आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और समाज में एकता, सद्भाव एवं प्रेम का संदेश देता है।

क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो ने अपने संदेश में कहा कि होली हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देती है। वहीं क्लब की सचिव रोटेरियन मधु कंचन ने सभी से सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल एवं मर्यादित ढंग से होली मनाने की अपील की तथा समाज में सकारात्मकता फैलाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन जोसेफ टी. टी. एवं रोटेरियन संजीव दास ने होली का शुभ संदेश देते हुए सभी उपस्थित सदस्यों, शिक्षकों, बच्चों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापन किया। रोटरी क्लब तथागत ने इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक समरसता, पारस्परिक सहयोग एवं सेवा भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस अवसर पर रो ई अरविंद कु, रो डॉ विभाष प्रियदर्शी, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन विश्व प्रकाश, रो रश्मि दास, रो अनिल कुमार,रो अनिल सैनी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# लोडेड देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** रहुई थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान एक युवक को लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात्रि करीब रहुई थाना के गश्ती पदाधिकारी पुअनि विनोद कुमार रहुई बाजार में नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति बिना लाइट जलाए आता दिखा। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कमर में खोंसा हुआ एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम रिशु कुमार (उम्र करीब 21 वर्ष), पिता स्वर्गीय अनिल राम, निवासी गैबी, थाना-रहुई, जिला-नालंदा बताया। हथियार के संबंध में कागजात की मांग करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद देशी कट्टा जब्त कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।


## कार्यालय- जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (RTE) के अंतर्गत वर्ष 2026–27 में निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर नामांकन हेतु आम सूचना।**

निःशुल्क एंव अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में नामांकन लिया जाना हैं। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन कार्यालय के वेबसाइट www.rtepalamu.in पर ऑनलाइन दिनांक 21.01.2026 से 22.02.2026 तक किया जाना था। जिसे अवधि विस्तार कर अब ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10.03.2026 तक कर दिया गया हैं।

**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**

**PR 373908 District(25-26).D**

## प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

Bid Number:GEM/2026/B/7306932 (NIT)

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू में **Skill Lab** के लिये पाटिशन, उपकरण का क्रय करने हेतू नम्नांकित शर्तो के अधीन निविदा दिनांक 01.03.2026 के पूर्वाह्न से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | **Skill lab** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 01.03.2026 |
| 2 | DD का ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट / रजि0 पोस्ट अथवा कुरियर से जमा करने की अंतिम तिथि | 22.03.2026 5 P.M तक |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 23.03.2026 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 11.30 A.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से DD के रूप में मान्य होगा। | 300000.00 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदा दात्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी भाग मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदा दाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः– निविदा की शर्ते आदि की जानकारी GEM PORTAL पर देखा/ डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू**

PR 373933 District (25-26)_D

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।

**Email: - nphussainabad@gmail.com**

ज्ञापांक....................../दिनांक ..............................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2026 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्न है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 30,54,700.00 (तीस लाख चौवन हजार सात सौ रुपये मात्र) | 3,05,470.00 (तीन लाख पाँच हजार चार सौ सत्तर रूपए मात्र) | दिनांक–09.03. 2026 समयः पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–09.03. 2026, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| बाजार सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 7,87,270.00 (सात लाख सतासी हजार दौ सौ सत्तर रुपये) | 78,727.00 (अठहत्तर हजार सात सौ सताईस रुपये) | दिनांक–09.03. 2026 समयः पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–09.03. 2026, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1.0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2.30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यूनतम 20000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी। ) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद।**

PR 373937 (District) 25-26 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**

**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या – 02/2025-26/RWD/GARHWA दिनांक – 02.03.2026**

**1.कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/04/2025-26 (2nd Call) | गढ़वा प्रखण्ड के ग्राम चेतना में मुन्ना चन्द्रवंशी के घर से श्याम सिंह के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 17.700 | सत्रह लाख सत्तर हजार रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA/05/2025-26 (2nd Call) | गढ़वा प्रखण्ड के ग्राम गुरदी के टोला कुशमाहा में प्राथमिक विद्यालय से छठन देव उराँव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 55.620 | पचपन लाख बासठ हजार रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 3 | गढ़वा | RWD/GARHWA/06/2025-26 (2nd Call) | ग्राम अंचला में बस्ती से श्मशान घाट तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 44.508 | चौवालीस लाख पचास हजार आठ सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.03.2026 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.03.2026 पूर्वाहन् 11:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**PR 373990 Rural Work Department(25-26).D**

प्रपत्र संख्या–1

## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa

**E-Procurement Notice (1st Call)**

Very Short E-Tender reference no - DWSD/Spare Parts/09/2025-26
Date :- 02.03.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively) under D.W.& S. Division, Garhwa for the year 2025-26. |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 32.96627 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 5,000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 66,000.00 |
| 5 | Time of Completion | 21 (Twenty one) Days |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 06.03.2026 / 02.30 PM |
| 7 | Last date & Time for receipt of Bid (Online Bidding) | 11.03.2026 / 05.00 PM |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.03.2026 / 05.00 PM |
| 9 | Date of opening of Tender | 12.03.2026 / 05.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa |
| 11 | Contact no of Procurement office | 9431325479 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 374013 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

**Executive Engineer Drinking water & Sanitation Division, Garhwa**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

**CORRIGENDUM**

**Tenders Postponed vide PR No.- 371986 Building(25-26)#D has been reinvited.**

Date of Sale of BOQ will be on dated 14.03.2026 Time 1:00 PM and Received of the tenders BOQ will be on dated 16.03.2026 Time 3:00 PM and Opening dated 16.03.2026 of tenders will be Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

**Executive Engineer, Building Division Daltonganj**

PR 373916 Building (25-26)_D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.- 371985 (Building)25-26(D) has been reinvited.

Date of Sale of BOQ will be on dated 14.03.2026 Time 1:00 PM and Received of the tenders BOQ will be on dated 16.03.2026 Time 3:00 PM and Opening dated 16.03.2026 of tenders will be Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

**Executive Engineer, Building Division, Daltonganj.**

PR 373914 (Building) 25-26 (D)

प्रपत्र संख्या –1

## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar

**E-Procurement Notice**

**Very Short E-Tender reference no - DWSD/Spare Parts/09/2025-26**
**Date :- 02.03.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark - II respectively) under D.W.& S. Division, Medininagar for the year 2025-26. |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 38.32638 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 5,000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 77,000.00 |
| 5 | Time of Completion | 01 (One) Month |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 07.03.2026 / 11.30 PM |
| 7 | Last date /Time for receipt of Bid (Online Bidding) | 13.03.2026 / 05.00 PM |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 13.03.2026 / 05.00 PM |
| 9 | Date of opening of Tender | 14.03.2026 / 05.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar |
| 11 | Contact no of Procurement office | 9973742366 |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

PR 374076 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

**(Jeson Horo) Executive Engineer Drinking water & Sanitation Division, Medininagar**

## समाहरणालय, गढ़वा
## (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
## कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा

Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**



नाम : राहुल कुमार
लिंग : पु0
माता का नाम : अज्ञात
पिता का नाम : अज्ञात
उम्र : 17 वर्ष (लगभग)
ऊँचाई : 5 फीट
बालक का रंग : सावला

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक कोविडकाल में ही गढ़वा जिला के भवनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुई है। बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् चाइल्ड लाइन के सहयोग से कोविडकाल से ही वात्सल्य धाम, बाल गृह, पलामू में संरक्षित है। बालक मंदबुद्धि होने के कारण माता–पिता एवं पता बताने में असमर्थ है।

बालका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। उक्त बालक के संबंध में बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा ली गई निर्णय सर्वमान्य होगा।

**कार्यालय पताः–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।**

**PR.NO.374004 Social Welfare,Women and Child Development(25-26):D**

# सासाराम में विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी और जिला कारा का औचक निरीक्षण

## बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और अधिकारों की समीक्षा के उद्देश्य से बाल कल्याण समिति ने सासाराम स्थित विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, सदस्य ददन जी पाण्डेय एवं गायत्री कुमारी शामिल थे। इनके साथ जिला कारा के अधीक्षक सुजीत कुमार राय भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्था में रह रहे बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता, आवासीय व्यवस्था तथा अभिलेखों का विस्तार से अवलोकन किया। वर्तमान में एजेंसी में कुल 10 बच्चे रह रहे हैं। विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी उन बच्चों के लिए संचालित की जाती है जो परित्यक्त, अनाथ अथवा ऐसे परिवारों से आते हैं जहां उनकी समुचित देखभाल संभव नहीं हो पाती। यहां बच्चों को सुरक्षित वातावरण, पोषण, चिकित्सा सुविधा एवं प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। विधिक प्रक्रिया के माध्यम से योग्य और इच्छुक दंपतियों को दत्तक देने की व्यवस्था की जाती है ताकि बच्चों को स्थायी और स्नेहपूर्ण परिवार मिल सके। यह प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के दिशा-निर्देशों एवं किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप संचालित होती है। निरीक्षण के दौरान समिति ने परिसर में लगे ट्रांसफार्मर को बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया और उसे हटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी ट्रांसफार्मर से संबंधित दुर्घटना में एक बच्चा घायल हो चुका है। समिति ने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर एजेंसी के समन्वयक मिथिलेश कुमार ने संस्था की व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। समिति ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और समुचित विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसी क्रम में बाल कल्याण समिति ने जिला कारा सासाराम का भी निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उन छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों की स्थिति जानने के लिए किया गया, जो अपनी माताओं के साथ जेल परिसर में रह रहे हैं। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, सदस्य ददन जी पाण्डेय एवं गायत्री देवी ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, पोषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधा, टीकाकरण, वस्त्र एवं खेल-कूद से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, जेलर सुरेश कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फल्गु नदी तट पर बोटिंग सेवा का शुभारंभ, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज गयाजी स्थित रबर डैम के निकट फल्गु नदी में बोटिंग सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर सात-सीटर नाव सेवा की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं दीं। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा गया जी के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रबर डैम के समीप सेवन-सीटर बोटिंग की व्यवस्था की गई है। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को मनोरंजन का एक नया साधन मिलेगा, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी आकर्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि गया जी धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध स्थल है और यहां की आधारभूत सुविधाओं के विकास से पर्यटन क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि रबर डैम के निर्माण के बाद फल्गु नदी में जलस्तर स्थिर रहने से अब सुरक्षित बोटिंग संभव हो सकी है। यह पहल स्थानीय रोजगार सृजन में भी सहायक सिद्ध होगी तथा आसपास के व्यवसायों को बढ़ावा देगी। वहीं मौके पर मुन्ना पाठक, कमल लाल बारीक, पिंटू शर्मा, राजनंदन गांधी, धीरेन्द्र धीरू सहित अन्य मौजूद रहे।

# गया में विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयजी।** गया टाउन स्थित धर्मसभा भवन में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान डॉ प्रेम कुमार ने सभी के साथ गुलाल खेलकर होली की खुशियां साझा कीं और मिठाइयां बांटकर आपसी प्रेम तथा सौहार्द का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर है। यह पर्व हमें भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गया की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता की परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। समाज में आपसी सहयोग, सौहार्द और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में उत्साह, उल्लास और भाईचारे का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर प्रेम सागर, कौशल प्रताप, अनूप केडिया, विपेंद्र अग्रवाल, वेंकटेश प्रपन्नाचार्य, सुनील कुमार सिन्हा, पप्पू चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, विकास कुमार, विक्की शर्मा, डब्लू राय, देवानंद पासवान, धीरेंद्र धीरू, हरि यादव, सूरज राणा, टिंकू गोस्वामी, राजेश मस्तान, सरयू रजक, अशोक साहनी, अनिल गुप्ता, निशांत कुमार, ऋषि लोहानी, सोनू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# होली को लेकर फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार के नेतृत्व में किया गया जिसमें प्रभारी एसडीपीओ गौरव कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष, शिवेंद्र कुमार पुलिस बल एवं सशस्त्र बल के महिला, पुरुष, जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, पाली रोड, अंबेडकर चौक सहित संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से होली पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असमाजिक गतिविधि, हुड़दंग या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि होली के दिन संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्ती की व्यवस्था रहेगी, ताकि पर्व शांति और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हो सके। इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च रात को है, लेकिन रंग 4 मार्च को खेला जाएगा क्योंकि 3 मार्च को चंद्रग्रहण है।

# आरएसके पब्लिक स्कूल में राधा-कृष्ण झांकी एवं होली-रमजान सद्भाव कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आर एस के पब्लिक स्कूल में राधा-कृष्ण झांकी एवं होली-रमजान सद्भाव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों के माध्यम से वृंदावन की मनोहारी झलक प्रस्तुत की। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं का जीवंत मंचन किया। उनकी मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने होली के पावन पर्व पर प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। बच्चों ने बताया कि होली रंगों का त्योहार है जो आपसी सद्भाव और मेल-मिलाप का प्रतीक है। कार्यक्रम में स्कूल निदेशक आनंद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पवित्र रमजान का महीना भी चल रहा है। होली और रमजान का एक साथ पड़ना आपसी सामंजस्य, धार्मिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई हैं और हमें प्रेम, सद्भाव एवं एकता की भावना को सदैव मजबूत बनाए रखना चाहिए।

# गया जी में दो हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में दो हजार से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसे लेकर जिला प्रशासन और गया जी पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। हर थाने में क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है, 650 से ज्यादा दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किये हैं जिनके साथ चार सुरक्षा बल साथ रहेंगे। इनकी ड्यूटी सोमवार से बुधवार तक प्रभावी रहेगी। एसएसपी सुशील कुमार नेपुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए और किसी भी तरह की अफवाह या उपद्रव को तुरंत नियंत्रित किया जाए।

# हर हाल में आपसी सौहार्द कायम रखने के लिए एसडीएम ने की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ प्रखंड के नगर पंचायत कोआथ में दो गुटों के बीच आपसी विवाद के कारण विभिन्न समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। होली और रमजान जैसे त्योहारों के दृष्टिगत विधि-व्यवस्था संधारण के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी ने दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। दंडाधिकारियों की सूची-मो. एहशान करिम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, दावथ - बुद्धिया बाजार, चौराहा पर तैनात सोनू कुमार सिंह, पंचायत सचिव, दावथ - बुद्धिया बाजार, चौराहा पर तैनात, सीताराम कुमार, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, दावथ - बुद्धिया बाजार, चौराहा पर तैनात एवं श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रधान लिपिक नगर पंचायत, कोआथ - बुद्धिया बाजार, चौराहा पर तैनात रहेंगे।

# आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन चिकित्सक मंच का होली मिलन समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय चेयरमैन सह संरक्षक डॉ. आलोक तिवारी द्वारा देशभर के ग्रामीण चिकित्सकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु जनहित याचिका दायर करने की प्रक्रिया के उपरांत सासाराम रौजा रोड स्थित आर्श मल्टीस्पेशलिटी नर्सिंग होम के सभागार में ग्रामीण चिकित्सकों के साथ होली एवं ईद के उपलक्ष्य में सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आलोक तिवारी ने कहा कि देश के लाखों प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सक वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय द्वारा दिए गए बयान से ग्रामीण चिकित्सकों में गहरी निराशा एवं आक्रोश उत्पन्न हुआ है। हालाँकि, संस्था के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप कई जनप्रतिनिधियों द्वारा विधानसभा में इस विषय को उठाया जाना एक सकारात्मक एवं सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है। संस्था ने बिहार एवं देशभर के सभी ग्रामीण चिकित्सक संगठनों के अध्यक्षों एवं संरक्षकों से अपील की है कि वे एक साझा मंच और एक बैनर के अंतर्गत संगठित होकर अपनी बात प्रभावी ढंग से रखें, ताकि एकता और संख्या का बल सरकार तक स्पष्ट रूप से पहुंचे।

# पेड़ से टकराई बाइक, शिक्षक घायल


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के प्रधाना-इस्माइलपुर मुख्य पथ पर दुखी बिगहा गांव के समीप सोमवार सुबह करीब 11:40 बजे एक स्कूटी दुर्घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि स्कूटी सवार शिक्षक अचानक अनियंत्रित हो गए और सड़क किनारे स्थित शीशम के पेड़ से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायल शिक्षक की पहचान ग्राम काजी बिगहा निवासी और विश्वनाथपुर मध्य विद्यालय में कार्यरत हरिहर दास के रूप में हुई है। घटना के समय वे विद्यालय कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान तुलसी बिगहा निवासी अभिषेक कुमार उस मार्ग से गुजर रहे थे। उन्होंने सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े शिक्षक को देखा और तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय :- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
**Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com**

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**



| | |
|---|---|
| नाम | : विनोद कुमार |
| लिंग | : पु0 |
| माता का नाम | : अज्ञात |
| पिता का नाम | : अज्ञात |
| उम्र | : 23 वर्ष (लगभग) |
| ऊँचाई | : 5 फीट |
| बालक का रंग | : सावला |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक कोविडकाल में ही गढ़वा जिला के भवनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुई है। बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् चाइल्ड लाइन के सहयोग से कोविडकाल से ही वात्सल्य धाम, बाल गृह, पलामू में संरक्षित है। बालक मंदबुद्धि होने के कारण माता–पिता एवं पता बताने में असमर्थ है।

बालका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। उक्त बालक के संबंध में बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा ली गई निर्णय सर्वमान्य होगा।

**कार्यालय पता:–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

PR 374009 Social Welfare,Women and Child Development (25-26)_D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा


# मध्य विद्यालय शिवगंज में होली महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में तथा प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के संग अबीर और गुलाल की होली खेली तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि होली प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इस गंदगी से हम बिगाड़ने का प्रयास न करें, कुछ लोग होली के दिन नशे में आकर लोगों पर कीचड़ उछाल देते हैं जिससे होली बदरंग जाती है तो हम सभी इस चीज से बचने का प्रयास करेंगे और शांतिपूर्वक होली का त्योहार मनाएंगे और पकवानों को खाने का काम करेंगे। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने होली के महत्व को बताते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी तथा इस अवसर पर छात्राओं ने अबीर और गुलाल उड़ाकर तथा गीत और संगीत एवं नृत्य प्रस्तुति देकर होली महोत्सव मनाने का कार्य किया। होली महोत्सव में भाग लेने वाले छात्रों में प्रिया कुमारी, वर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, अंजली कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अर्चना कुमारी, चांदनी कुमारी, खुशी कुमारी, रोशनी कुमारी ने बढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक नरेश प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता नसरीन, आयुषी गौतम ने बच्चों के संग होली खेली तथा होली की शुभकामनाएं दीं।

# होली स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को हो रही सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर मंडल हर प्रकार से अपने यात्रियों को सुविधा देने का प्रयास करता है चाहे वह दीपावली का अवसर हो या छठ महापर्व का अवसर या कोई विशेष उत्सव। इसी क्रम में होली के अवसर पर भी विभिन्न स्थानों से अपने घर छुट्टी मनाने के लिए लौटने वाले यात्रियों के लिए दानापुर मंडल में 2.03.2026 को 13 ट्रेनों ने यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह ट्रेनें देश के विभिन्न हिस्सों जैसे नई दिल्ली, विशाखापट्टनम, हावड़ा, आनंद विहार, एसएमबीटी बेंगलुरु, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, सोगरिया (कोटा), पुणे, चर्लपल्ली, साबरमती, आनंद विहार से दानापुर एवं पटना जंक्शन स्टेशनों पर यात्रियों को लेकर पहुंची। इन ट्रेनों से पहुंचने वाले यात्रियों ने बताया कि स्पेशल ट्रेन के परिचालन से उन्हें काफी राहत मिली है।

# शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल में नवजात की मौत पर मामला गरमाया

## सिविल सर्जन का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्यकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नवजात की मौत के बाद अनुमंडल अस्पताल में हंगामा और आक्रोश का माहौल बना रहा। घटना के बाद गया जिला सिविल सर्जन डॉ. राजाराम प्रसाद ने सोमवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, मरीज वार्ड, बाथरूम, सर्जरी कक्ष सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जांच के क्रम में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में स्वास्थ्यकर्मी राजदुलारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं अन्य संबंधित कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि नवजात की मौत के बाद परिजनों में भारी आक्रोश था जिसे देखते हुए तत्काल निरीक्षण किया गया और अस्पताल की विधि-व्यवस्था व चिकित्सा सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रसूता से अवैध रूप से पैसा वसूले जाने का मामला भी सामने आया जिसकी जांच कर सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई है। वहीं अस्पताल में तैनात बीसीएम पर बहाली के नाम पर अवैध वसूली के आरोप भी लगे। हालांकि इस संबंध में स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। घटना से आक्रोशित प्रसूता के परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# होली मिलन के दो गोला रंगोत्सव में महाविद्यालय में उड़ा अबीर-गुलाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बिक्रमगंज (रोहतास)।** स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में सोमवार को होली मिलन समारोह के दो गोला समारोह में लोगों ने जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा सीनेट सदस्य डॉ.मनीष रंजन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर चेयरमैन व्यापार मंडल सिद्धनाथ सिंह जवाहर के साथ मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया जिसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह पर आयोजित दो गोला में धारूपुर मानस कीर्तन मंडली और मोहनपुर काली स्थान कीर्तन मंडली के सभी कलाकार ब्यास मुन्ना सिंह, ब्यास हरिद्वार सिंह, संयोग सिंह, मुन्ना सिंह, मनीष सिंह, लव कुमार, कृष्ण कुमार, सुरेश पांडे, लाल सिंह, सोलड़ी सिंह मौजूद सभी कलाकारों ने ताल, बैंजू, झाल, ढोल, हारमोनियम के धुन पर फागुन गीतों पर उपस्थित लोगों को खूब झुमाया। इस अवसर पर डॉ. मनीष रंजन ने सभी मीडिया सदस्य सहित मुख्य अतिथियों को अबीर-गुलाल लगा अंगवस्त्र भेंट का उनका अभिनंदन किया। उक्त मौके पर उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व का एक संदेश है जो विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्यक्रम लोक कला की एक समृद्ध परंपरा है जहां दो ग्रुप के दो गोला गायकों के बीच 'फगुआ' और चैता गीतों की प्रतिस्पर्धा होती है। मौके पर प्रो. वीर बहादुर सिंह, मुन्ना राय, ललन चौरसिया, सरोज सिंह, विकास सिंह, बब सिंह सरपंच अरुण पांडे, मनमोहन तिवारी, संजय सिंह, अनिल पांडे, अरुण पांडे, संजय सिंह, नागेश्वर सिंह, भूलेटन सिंह, संजय सिंह, पहाड़ सिंह, विवेक प्रियतम, मनोज सिंह, हरिद्वार यादव, विनोद सिंह, रवींद्र सिंह, हरेंद्र हरियाली, अजीत सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# गुप्त सूचना पर 110 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज फरार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेलागंज थाना की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में करीब 110 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। शराब को बेला रेलवे स्टेशन के पास एक गुमटी में छुपाकर रखा गया था जहां से पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि बेला रेलवे स्टेशन के समीप एक गुमटी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छुपाकर रखी गई है और उसे आसपास के क्षेत्रों में खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया और बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गुमटी की तलाशी लेने पर अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब की बोतलें बरामद की गईं। कुल मिलाकर लगभग 110 लीटर शराब जब्त की गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब का धंधा करने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान में जुटी है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद कुछ असमाजिक तत्व अवैध रूप से शराब की तस्करी कर कानून का उल्लंघन कर रहे हैं।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804** **Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General ManagerTransmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**

E-Tender in two parts i.e. Technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentionedwork:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-Tender fee , RS (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (RS) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 818/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of safety material of different Grid Sub Station under Transmission Division Daltonganj. | 5,900.00 | 34,700.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | From 07.03.2026 at 12.00 PM to 27.03.2026 at 03.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 07.03.2026 at 12.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 27.03.2026 at 03.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 28.03.2026 at 03.30 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

**NOTE:-**
1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in.Any details/clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact Mob. No. 8271433009/9973936358 for any enquiry. The bids willbe received through electronic tendering mode only.
2. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the nextworking day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 373934 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

संपादकीय

## युवाओं को सशक्त बनाएं, स्वस्थ विकल्प चुनें, नशाखोरी से बचाएं

भारत में किशोरों के बीच नशीले पदार्थों के सेवन का मुद्दा उठते ही डर लगना स्वाभाविक है। साथियों के दबाव, शैक्षणिक तनाव और नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता जैसे कारकों के कारण भारतीय किशोरों में नशीले पदार्थों का सेवन बढ़ रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 1.3 प्रतिशत बच्चे शराब का सेवन करते हैं। प्रारंभिक जागरूकता और समय पर हस्तक्षेप से दीर्घकालिक नुकसान को काफी हद तक कम किया और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा दिया जा सकता है। समस्या की पहचान और उसके शुरुआती चरण में ही उसका समाधान करने से नशीले पदार्थों पर निर्भरता की रोकथाम की संभावना काफी बढ़ जाती है। किशोरों में नशीले पदार्थों के सेवन के कुछ विशिष्ट व्यावहारिक संकेत होते हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले किशोर अपने साथियों के समूह में बदलाव कर सकते हैं, वे अपने पुराने दोस्तों से दूर हो जाते हैं और ऐसे नए परिचितों की ओर आर्ज़षित होते हैं, जो उनके जैसा ही व्यवहार करते हैं। शैक्षणिक प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट, जैसे कि कम अंक आना, अनुपस्थिति बढ़ना या स्कूल में रुचि की कमी, छात्रों में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग का प्रारंभिक संकेत हो सकता है, जो संज्ञानात्मक कार्य और प्रेरणा को प्रभावित करता है। नींद में बदलाव, जैसे अनिद्रा या अत्यधिक नींद आना, नशीले पदार्थों के प्रभाव का संकेत दे सकते हैं। किशोरों को नशीले पदार्थों के सेवन के लिए अचानक और अत्यधिक नकदी की आवश्यकता महसूस हो सकती है। जेब खर्च का तुरंत गायब हो जाना, बार-बार अतिरिक्त धन की आवश्यकता वाली 'आपातकालीन' स्थितियां, या घर से नकदी और कीमती सामान का गायब होना जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। आंखों में जलन, अचानक वजन कम होना या बढ़ना, भूख कम होना या बढ़ना, और खराब व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे दिखाई देने वाले बदलाव किशोरों में नशीले पदार्थों के सेवन का संकेत दे सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले किशोर अक्सर सिरदर्द, मतली या सुस्ती जैसी अस्पष्ट स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत कर सकते हैं। ये शिकायतें नशीले पदार्थों के सेवन के शारीरिक प्रभावों को छिपा सकती हैं। किशोरों में नशीले पदार्थों का सेवन अलगाव का कारण बन सकता है क्योंकि वे नशीले पदार्थों से संबंधित गतिविधियों में अधिक ही मग्न हो जाते हैं। पहले पसंद किए जाने वाले शौक या पाठ्येत्तर गतिविधियों में रुचि या भागीदारी में कमी यह संकेत दे सकती है कि नशीले पदार्थों का सेवन उन शौकों पर हावी हो रहा है, जिन्हें वे कभी बहुत पसंद करते थे। किशोरों में नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़े जोखिम कारकों को समझना नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है। कभी-कभी जोखिम जीन में ही निहित होता है। यदि परिवार के किसी करीबी सदस्य को नशे की लत रही है, तो किशोर द्वारा इसी तरह की चुनौतियों का सामना करने की संभावना अधिक हो सकती है। यह कोई निश्चितता नहीं है लेकिन इसका मतलब यह है कि उनका शरीर और मस्तिष्क नशीले पदार्थों पर दूसरों की तुलना में अलग तरह से प्रतिक्रिया कर सकते हैं। जब हम इस जोखिम से अवगत होते हैं, तो हम अधिक सतर्क और सक्रिय हो सकते हैं। इससे परिवारों को शुरुआती बातचीत शुरू करने, कड़ी निगरानी रखने और कोई भी समस्या शुरू होने से पहले ही सही सहायता प्रदान करने में मदद मिलती है। साथियों का दबाव और सामाजिक प्रभाव भी किशोरों को नशे की ओर धकेल सकता है। अक्सर, किसी समूह में घुलमिल जाने या स्वीकार किए जाने की चाहत उन्हें ऐसे विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है, जो वे अकेले कभी नहीं चुनते। इन वर्षों में दोस्तों का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। यही कारण है कि आत्मविश्वास बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है। हमें किशोरों को यह समझाने की आवश्यकता है कि सच्ची दोस्ती के लिए वफादारी के खतरनाक प्रमाणों की आवश्यकता नहीं होती। जब किशोर मुखर होना और सकारात्मक संबंध बनाना सीखते हैं, तो वे अत्यधिक दबाव में भी स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त महसूस करते हैं। युवाओं द्वारा लिए जाने वाले विकल्पों में मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ी भूमिका निभाता है। जब कोई युवा चिंता, अवसाद या अत्यधिक तनाव से जूझ रहा होता है, तो वह थोड़ा बेहतर महसूस करने के लिए नशीले पदार्थों का सहारा ले सकता है।

# विरोध के मंच और तरीके से कांग्रेस की साख पर सवाल

**विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह पर हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर आगे बढ़ते पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों और विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस विरोध प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।**

**उमेश चतुर्वेदी**

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रूके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि देश को विदेशी प्रतिनिधियों के सामने शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी एक तरह से कांग्रेस को उपदेश ही दिया है। मनोज झा का कहना है कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, उसकी जगह क्या होनी चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत की एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में बीस फरवरी को युवा कांग्रेस की ओर से किया गया विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट



सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें दुनिया भर के 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 फरवरी से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों और मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज प्रधानमंत्री के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या फिर इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरक्स लड़ाई में वह दूसरे किसी विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोध में कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम् में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम के चलते समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम से हलकान रही। इसका असर गुड़गांव और नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो यह चाहिए था कि कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुददे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

अध्यात्म

## पाप का गुरु कौन?



एक पंडित जी कई वर्षों तक काशी में शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद अपने गांव लौटे। गांव के एक किसान ने उनसे पूछा, पंडित जी आप हमें यह बताइए कि पाप का गुरु कौन है? प्रश्न सुन कर पंडित जी चकरा गए, क्योंकि भौतिक व आध्यात्मिक गुरु तो होते हैं, लेकिन पाप का भी गुरु होता है, यह उनकी समझ और अध्ययन के बाहर था। पंडित जी को लगा कि उनका अध्ययन अभी अधूरा है, इसलिए वे फिर काशी लौटे। फिर अनेक गुरुओं से मिले। मगर उन्हें किसान के सवाल का जवाब नहीं मिला।

अचानक एक दिन उनकी मुलाकात एक वेश्या से हो गई। उसने पंडित जी से उनकी परेशानी का कारण पूछा, तो उन्होंने अपनी समस्या बता दी। वेश्या बोली, पंडित जी..! इसका उत्तर है तो बहुत ही आसान, लेकिन इसके लिए कुछ दिन आपको मेरे पड़ोस में रहना होगा। पंडित जी के हां कहने पर उसने अपने पास ही उनके रहने की अलग से व्यवस्था कर दी। पंडित जी किसी के हाथ का बना खाना नहीं खाते थे, नियम-आचार और धर्म के कट्टर अनुयायी थे। इसलिए अपने हाथ से खाना बनाते और खाते। इस प्रकार से कुछ दिन बड़े आराम से बीते, लेकिन सवाल का जवाब अभी नहीं मिला।

एक दिन वेश्या बोली, पंडित जी...! आपको बहुत तकलीफ होती है खाना बनाने में। यहां देखने वाला तो और कोई है नहीं। आप कहें तो मैं नहा-धोकर आपके लिए कुछ भोजन तैयार कर दिया करूं। आप मुझे यह सेवा का मौका दें, तो मैं दक्षिणा में पांच स्वर्ण मुद्राएं भी प्रतिदिन दूंगी। स्वर्ण मुद्रा का नाम सुन कर पंडित जी को लोभ आ गया। साथ में पका-पकाया भोजन। अर्थात दोनों हाथों में लड्डू। इस लोभ में पंडित जी अपना नियम-व्रत, आचार-विचार धर्म सब कुछ भूल गए। पंडित जी ने हामी भर दी और वेश्या से बोले, ठीक है, तुम्हारी जैसी इच्छा। लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखना कि कोई देखे नहीं तुम्हें मेरी कोठी में आते-जाते हुए। वेश्या ने पहले ही दिन कई प्रकार के पकवान बनाकर पंडित जी के सामने परोस दिया।

# टूटना, बिखरना, समेटना और संवरना जीवन के चार चक्र

**हमारे अपने कहे जाने वाले लोग गहन विश्वास का एक-एक टुकड़ा लेकर दूर हो जाते हैं। हम उस वक्त अकेले होते हैं। कई बार इतने अकेले कि हमारी छाया भी नहीं होती। अंधेरे में भला छाया किसके साथ होती है? हमें समझ में आ जाता है कि किस-किस ने हमारा साथ दिया। ऐसे लोग गिनती के ही होंगे। बहुत कम लोग। यही लोग अपने होते हैं। इन्हें हम अपना कह सकते हैं। यही चंद लोग हमें समेटने के काम में आते हैं। कुछ इधर से कुछ उधर से लोग आते हैं, हमें सांत्वना देते हैं, समझने की कोशिश करते हैं। बिखरे हुए सच को सामने लाते हैं। हम मान सकते हैं कि यह क्रिया समेटने की है। यह प्रक्रिया बहुत धीमे होती है। बरसों लग जाते हैं सब कुछ समेटने में। जब सब कुछ समेट लिया जाता है, तब लगता है कि हम बहुत ही कठिन रास्तों से गुजरकर खुली हवा में सांस ले रहे हैं।**

**महेश परिमल**

जिस तरह से जीवन के साथ मृत्यु का संबंध है, ठीक उसी तरह जीवन में टूटने, बिखरने, समेटने और संवरने का भी संबंध है। इंसान हमेशा जीवन से मृत्यु की ओर खिसकता रहता है, वैसे ही उसके जीवन में बार-बार टूटने की स्थिति आती है। जब इंसान टूटेगा, तो निश्चित तौर पर बिखरेगा भी। बिखरने के बाद उसे समेटना भी जरूरी है।

जब ये तीनों क्रियाएं हो जाती हैं, उसके बाद जो कुछ भी होता है, वह संवरता है। हम अपने जीवन में पीछे मुड़कर देखें, तो पता चलेगा कि हालात बद से बदतर होते रहे। हम कई बार टूटे, बिखरे, फिर स्वयं को समेटा और आखिर स्तर पर पहुंचते-पहुंचते एक बार फिर संवरने लगे।

हर किसी के जीवन में ये चार चक्र आते ही हैं। टूटने से शुरू होकर यह क्रिया संवरने तक चलती है। ऐसा भी नहीं है कि एक बार टूट गए, तो फिर यह क्रम समाप्त हो जाएगा। वास्तव में हम जीवन में जब भी टूटे हैं, तभी एक नया जीवन शुरू हुआ है। टूटने का आशय अंत नहीं, बल्कि शुरुआत है। इंसान जब भी टूटा है, तो समझना चाहिए कि वह फिर से संवरने के लिए टूटा है। इसलिए टूटने की इस क्रिया को कभी गलत नहीं समझना चाहिए। दरअसल, संवरने की सलाहियत हासिल करने की की पहली सीढ़ी है किन्हीं वजहों से टूटना। यानी जुड़ने के लिए होने वाला पहला उपक्रम। जो टूटा है, वह जुड़ेगा ही, बशर्ते जुड़ने का हौसला बना रहे। जुड़ता वही है, जो टूटता है।

इंसान जिंदगी भर जीने का ही उपक्रम करता रहता है। जीना यानी पल-पल सांस लेने की प्रक्रिया से गुजरते हुए जीवन संगीत में रम जाना। यही रमने में क्रिया जब सघन हो जाती है, तो इसे 'डूबना' कहते हैं। यहां डूबने से आशय अपने मनचाहे काम को पूरी तल्लीनता से करना भी है। हर किसी के लिए डूबना अलग-अलग हो सकता है। संगीत वाले जब डूबकर गाते या बजाते हैं, तो हर किसी के मुंह से वाह-वाह निकल आता है।

संगीत हो या कोई भी अन्य रचनात्मक क्षेत्र, 'डूबना' सार्थक होता है। सभी कहते हैं कि टूटे हुए साज की आवाज को हर कोई नहीं समझ सकता। इसी तरह टूटे हुए दिल की बात भी हर कोई नहीं समझ पाता है। इसे वही समझ सकता है, जो कभी टूटा हो। टूटने को नकारात्मक भाव से नहीं लेना चाहिए। यह आगे बढ़ने की पहली प्रक्रिया है। जीवन का ककहरा इसी टूटने से शुरू होता है।

बाइबल में जीसस ने कहा है- मांगोगे, तभी पाओगे। पाने के लिए मांगना ही पड़ता है। हम अगर स्वाभिमान की बात करते हुए यह कह सकते हैं कि हम हाथ नहीं फैलाएंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। मगर यहां हाथ फैलाने की बात नहीं हो रही है, यहां बात हो रही है दिल में कुछ पाने की चाहत हो, तो वह चीज मिल जाती है।

अगर हमें अनायास कोई चीज मिल जाए, तो हम उसकी कद्र नहीं करते। जिसे प्राप्त करने के लिए हम बार-बार टूटते हैं या कह लें कि मरते हैं, वह जब मिल जाती है, तो हमें सुकून की वह दौलत मिल जाती है, जिसके लिए अच्छे-अच्छे तरस



जाते हैं। पर वह मंजिल नहीं होती। जीवन में टूटने का यह क्रम बार-बार आता है। पर इसी में छिपा है बिखरना। बिखरने में होता यह है कि हमारे आसपास पूरी तरह से अंधेरा छा जाता है। हाथ को हाथ नहीं सूझता, अंधेरा इतना गहन होता है कि जिसे हम अपना कहते नहीं थकते, वह भी हमारा हाथ छोड़कर चल देता है। इस अंधेरे का लाभ हर कोई उठाता है। एक-एक करके सभी निकल जाते हैं। जब थोड़ी-सी उजास को हम अपने करीब पाते हैं, तब समझ में आता है कि जिसे हमने अपना सबसे बड़ा संबल माना था, वही हमसे दूर चला गया है। तब कोई नहीं होता। यही होता है बिखरना।

हमारे अपने कहे जाने वाले लोग गहन विश्वास का एक-एक टुकड़ा लेकर दूर हो जाते हैं। हम उस वक्त अकेले होते हैं। कई बार इतने अकेले कि हमारी छाया भी नहीं होती। अंधेरे में भला छाया किसके साथ होती है? हमें समझ में आ जाता है कि किस-किस ने हमारा साथ दिया। ऐसे लोग गिनती के ही होंगे। बहुत कम लोग। यही लोग अपने होते हैं। इन्हें हम अपना कह सकते हैं। यही चंद लोग हमें समेटने के काम में आते हैं।

कुछ इधर से कुछ उधर से लोग आते हैं, हमें सांत्वना देते हैं, समझने की कोशिश करते हैं। बिखरे हुए सच को सामने लाते हैं। हम मान सकते हैं कि यह क्रिया समेटने की है। यह प्रक्रिया बहुत धीमे होती है। बरसों लग जाते हैं सब कुछ समेटने में। जब सब कुछ समेट लिया जाता है, तब लगता है कि हम बहुत ही कठिन रास्तों से गुजरकर खुली हवा में सांस ले रहे हैं। यह पल बहुत ही आह्लादित करने वाला होता है कि हमने खुद को समेट लिया। परीक्षा की एक घड़ी को पार कर लिया। अपनों को पहचान लिया।

अब शुरू होती है संवरने की प्रक्रिया। संवरना, यानी सब कुछ धीरे-धीरे व्यवस्थित होना। जिंदगी को यह लगे कि अब आराम के पल हमारे साथ हैं, तो यहीं से शुरू होता संवरना। इन पलों में हमारे साथ सब कुछ अच्छा होने लगता है। हमारा परिवार हमारे साथ होता है, हम अपनों के साथ होते हैं। हम खुशी से भर उठते हैं। खुशियां हमारा इंतजार करती होती हैं। चारों ओर से शुभ समाचार मिलने लगते हैं। सही मायने में जिंदगी ठहर जाती है। इस ठहरी हुई जिंदगी को गहरी सांस लेकर जी लेना चाहिए, क्योंकि अगले ही पल फिर शुरू हो सकती है टूटने की प्रक्रिया... जिसके लिए शायद हम तैयार न हों!

विकल्पों की बाढ़ ने हमें विविध अवसर दिए हैं, लेकिन निर्णय की स्थिरता को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है। आज स्थिति यह है कि हम शीघ्रातिशीघ्र परिणाम चाहते हैं, तत्काल स्थापित होना चाहते हैं और बिना संघर्ष के ही सफलता की कल्पना करने लगते हैं। यही कारण है कि मार्ग में उपस्थित छोटे-छोटे अवरोध भी हमें बड़े संकट जैसे प्रतीत होने लगते हैं। पूरा पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। लेकिन आज आपको अपने कार्यों के लिये दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

**वृषभ**
आज आपको अव्यावहारिक निर्णय लेने से बचना चाहिये। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। प्रेम सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।

**मिथुन**
लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नकारात्मक विचारों के कारण काम में मन नहीं लगेगा। शाम को किसी कारण घर में झगड़ा हो सकता है।

**कर्क**
आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर में थकावट व ऊर्जा की कमी महसूस करेंगे। योग व प्राणायाम से मन को सन्तुलित करें।

**सिंह**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों के माध्यम से धनलाभ हो सकता है।

**कन्या**
अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। अपने खर्चों पर नियन्त्रण पा लेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे।

**तुला**
अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनायें। मन चंचल होने के कारण निर्णय लेने में कठिनाई होगी। धन को लेकर परिवार में झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक**
वैवाहिक जीवन बेहद रोमान्टिक रहेगा। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे।

**धनु**
व्यवसाय में वृद्धि के लिये निवेश कर सकते हैं। पुराने सम्पर्क से लाभ होगा। एकाग्रचित होकर अपने काम पर ध्यान दें। जीवनशैली में कुछ परिवर्तन आ सकते हैं।

**मकर**
राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। अधिकारीगण आपकी राय व विचारों के आधार पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। पुरुष जातकों की महिला सहकर्मियों से अनबन हो सकती है।

**मीन**
कारोबार में अभिनव प्रयोग करना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। पहले की गयी मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. ज्ञान देव सिंह बने आई.एस.वी.एस. के उपाध्यक्ष



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंगीभूत बिहार वेटरनरी कॉलेज के वेटरनरी सर्जरी विभाग (वी.सी.सी.) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ज्ञान देव सिंह को इंडियन सोसाइटी ऑफ वेटरनरी सर्जरी का उपाध्यक्ष चुना गया है।यह घोषणा सोसाइटी के 48वें राष्ट्रीय सम्मेलन, जो मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित हुई थी, के दौरान सोसाइटी के नेतृत्व द्वारा की गई। डॉ. सिंह की यह उपलब्धि न केवल बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। वेटरनरी सर्जरी के क्षेत्र में उनके अनुभव, शोध कार्यों और शैक्षणिक योगदान को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुना गया है। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह तथा बिहार वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. पल्लव शेखर ने डॉ. ज्ञानदेव सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई दी।डॉ. ज्ञान देव सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वे संगठन की प्रगति, शोध को बढ़ावा देने तथा युवा वेटरनरी पेशेवरों को मार्गदर्शन देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### दनियावां प्रखंड के भाजपा नेता कुंवर विजय बने संयोजक

**आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मिली जिम्मेवारी**

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के सरथुआ गांव निवासी कुंवर विजय पासवान जो अभी प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बिहार पद पर कार्यरत हैं, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव-2026 में प्रवासी नेतागणों के समन्वय हेतु संयोजक नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के द्वारा की गई है।इस मनोनयन पर श्री कुंवर विजय ने बताया कि उन्हें पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वे समुचित निर्वहन करेंगे और पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हर संभव कार्य करेंगे।उनकी इस जिम्मेवारी पर प्रखंड भाजपा नेताओं ने हर्ष प्रकट किया है।



### अपराधियों की टीम हथियार के साथ गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हुलासी टोला गांव में अपराध की योजना बना रहे 7 अपराधियों को पुलिस ने रंगे हाथ हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 2 देसी कट्टा, 1 पिस्टल, 8 कारतूस, 7 मोबाइल फोन और 1 बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हुलासी टोला गांव के रहने वाले बिट्टू कुमार, सोनू कुमार उर्फ मन्थेस, विकास कुमार, धीरज कुमार, अमित कुमार, सराय मोहल्ले का रोहित शर्मा व मोहनपुर के सतीश कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में पटना पश्चिम सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इकट्ठा होकर सभी अपराधी की घटना को अंजाम देने के लिए अपराध की योजना बना रहे थे। सूचना मिलने के बाद मनेर पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से दो देसी कट्टा, 1 पिस्टल, आठ कारतूस, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इन अभियुक्तों पर पहले से भी कई मामले दर्ज हैं।

### मसौढ़ी सब्जी मंडी में युवक से सोने की चेन छीनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में होली पर्व को लेकर सब्जी मंडी में उमड़ी भीड़ का फायदा उठाते हुए चेन स्नेचर का घूम रहे एक गिरोह का शिकार एक युवक हो गया है। दरअसल घटना सोमवार की दोपहर की है जहां भगवानगंज थाना क्षेत्र के बसौर के रहने वाले प्रशांत कुमार उम्र 20 वर्ष पिता सरोज साव मसौढी बाजार में खरीदारी करने के लिए आया हुआ था, उसी दौरान ठाकुरवाडी मंदिर और सब्जी मंडी के कोने पर अचानक पीछे से एक गले में सोने का चेन को पिछे से छीना, जिसे भागते हुए चोर को युवक ने पकड़ लिया,लेकिन भागने के क्रम मे चाकू से वार कर दिया जो युवक के दाहिनी हाथ मे लगा,और वह भाग निकला, घटना होने के बाद दौड़कर मसौढी थाना पहुंचा और आवेदन लिखकर अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।पुलिस जांच मे जुटी है।

### नगर के पार्षदों और अध्यक्ष ने मनाया होली मिलन

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को मनेर नगर परिषद कार्यालय के परिषद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद, उपाध्यक्ष शंकर यादव व कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन समेत कई पार्षद होली गीत होलिया में उड़े रे गुलाल.. रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे..आदि गीतों को जब प्रस्तुत किया तो झूमने लगे। इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षद ढोलक की थाप बजाते हुए होली गीत से पूरी तरह से सुर मिलाते नजर आए। उसके बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह को मनाया। मौके पर पार्षद अखिलेश यादव, संजीव कुमार, मनीष कुमार, पार्षद प्रतिनिधि रणबीर कुमार, सनोज कुमार, सहायक लिपिक मुकेश कुमार, नगर कर्मी लोकनाथ प्रसाद, चंदन गुप्ता सहित कई लोग थे।



### पिकअप के कुचलने से युवक की मौत

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सबनिमा में रामनगर दियारा पुल के निकट एक अनियंत्रित पिकअप ने एक युवक को कुचल दिया। जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि रामनगर दियारा निवासी 32 वर्षीय शिवशंकर कुमार को अनियंत्रित गति से आ रही पिकअप ने कुचल दिया। आननफानन में स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया है।पिकअप को जप्त कर लिया गया है। और पीड़ित के परिजनों द्वारा दिए आवेदन के आधार पर विधि सम्मत करवाई की जा रही है।

### होली भाईचारा और उल्लास का पर्व है: रत्नामणी केसरी



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अवर निबंधन कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें निबंधन कार्यालय के कर्मचारी और वसीका नवीस संघ के सदस्य शामिल हुए।एक दूसरे को गुलाल लगाकर कर्मचारियों ने होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अवर निबंधक डॉक्टर रत्नामणि केसरी ने कहा कि होली भाईचारा और उल्लास का पर्व है। संघ के अध्यक्ष गिरीश सिंह, कर्मचारी तरुण कुमार, गणेश कुमार, दीपक कुमार,भूषण कुमार, वशीका जय नंदन सिंह महेश यादव गोरेलाल सिंह अविनाश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### दोस्त की बर्थडे पार्टी में गए युवक को लगी गोली, प्राइवेट नर्सिंग होम में चल रहा है इलाज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की संध्या गुलाब बाग चौक के पास एक बर्थडे पार्टी मना कर अपने घर वापस लौटने के दौरान लहरिया पोखर निवासी युवक करण कुमार को एक शराब माफिया के द्वारा गोली मार दी गई। गोली हालांकि बाएं पैर में लगी है जिसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां प्राथमिक उपचार के बाद मरीज के पांव का एक्सरे करने के बाद गोली भीतर होने की पुष्टि की गई है। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण जल्दबाजी में युवक को एक प्राइवेट नर्सिंग होम लेकर पहुंचे घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। और मामले की छानबीन करने में जुट गई है। हालांकि पांव में गोली लगने से युवक की हालत ज्यादा चिंताजनक नहीं है लेकिन स्थानीय युवाओं में काफी आक्रोश देखा जा रहा है कहीं यह गोली का मामला नया रूप ना ले ले जिसको लेकर भी पुलिस परेशान है।

### होली पर्व के मद्देनजर अथमलगोला पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना पुलिस ने सभी पदाधिकारी एवं बलों के साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में होली पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के चंदा गांव सहित विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया। एसडीपीओ ने बताया कि होली पर्व आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ाने वाला पर्व है। इसे सपरिवार हर्ष और उल्लास के साथ मनाएं। पुलिस प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न देते हुए स्थानीय प्रशासन से इसकी जानकारी लें।

# होली व रमजान को लेकर मसौढ़ी एवं धनरूआ क्षेत्र में फ्लैग मार्च

**मसौढ़ी में एएसपी ने संभाली कमान**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी होली पर्व एवं रमजान माह को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। कोई धनरूआ में थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया ,मसौढी मे हुए कार्यक्रम में मौके पर थानाध्यक्ष विवेक भारती, लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून,भगवानगंज थाना एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।फ्लैग मार्च थाना मसौढी पुलिस के साथ जिला बल भी शामिल रहा।फ्लैग मार्च थाना से प्रारंभ होकर गांधी मैदान रोड, रहमतगंज, स्टेशन रोड ,मेन रोड होते हुए मालिकाना, पुरानी बाजार, कपूर्री चक होते हुए संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान अधिकारियों ने बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता बढ़ाने, नियमित गश्त सुनिश्चित करने और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने, जानबूझकर विवाद उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील स्थलों, जुलूस मार्गों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। मसौढी पुलिस ने होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शहर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस बल ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का जायजा लिया और लोगों से शांति व भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। होली को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया। उन्होंने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या अशांति से बचने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## होली मिशन प्राइमरी स्कूल का भव्य उद्धघाटन



**पटना//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली मिशन स्कूल, श्रीकृष्णापुरी के ब्रांच के रूप में होली मिशन प्राइमरी स्कूल का उद्घाटन पटेल नगर , रोड नंबर 10 में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि इस विद्यालय में भी श्री कृष्ण पूरी की तरह उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जाएगी । यहाँ स्पोकन इंग्लिश का क्लास फ्री में उपलब्ध होगा । जिससे इस विद्यालय में एडमिशन लेने वाले बच्चे एडमिशन लेने के 6 महीना के अंदर धारा प्रवाह अंग्रेजी बोल सकेंगे । यहाँ पर फ्री में ट्यूटोरियल भी कराया जाएगा जिससे बच्चे अपने कमजोर विषय में मजबूती पा सके और इस प्रकार बच्चों को कोई प्राइवेट ट्यूशन की जरूरत नहीं पड़े। विद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो कि भारी संख्या में आए अभिभावकों का मन मोह लिया। बहुत सारे अभिभावकों ने तो आज ही अपने बच्चों का एडमिशन भी करा लिया। अंत में अभिभावकों को धन्यवाद करते हुए विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि जो अभिभावक अगले कुछ दिनों के अंदर एडमिशन लेते हैं , तो एडमिशन फीस और मंथली फीस पर विशेष छूट दिया जाएगा।

## किशोरी अपहरण मामले में सौरभ गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना की पुलिस ने अपहरण के मामले में तारेगना डीह मोहल्ला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सौरभ शर्मा पिता गुड्डु शर्मा है जो जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र के उबेर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद सौरभ को जेल भेज दिया है, बताया जाता है कि सौरभ शर्मा पिछले कई महीने से उसके घर में रहता था, सौरभ शर्मा पर मसौढ़ी थाना में कांड दर्ज है। जिसमें दशार्या गया है कि सौरभ शर्मा पर लड़की को भगाने का आरोप है फिलहाल पुलिस सौरभ शर्मा को से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है। दरअसल घटना बिते 27 जनवरी 2025 की है जहाँ वादी में वर्तमान में पटेल नगर के निवासी हैं उसकी बेटी स्कूल से घर आने के क्रम में रास्ते में ही लापता हो गई थी, छानबीन के दौरान तारेगना डीह के रहने वाले सौरभ शर्मा पर आरोप लगा था, इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस जांच में जुटी थी, इस मामले में सौरभ की गिरफ्तारी की गई है।

## 'फगुनवा हो गोरी रसे रसे बरसे' के साथ होली मिलन, विधायक व अध्यक्ष हुए शामिल





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को गांधी हाट में विधायक भाई बीरेंद्र के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष बिधाधर विनोद सिंह ने की। वहीं मौके पर अशोक कुमार मुखिया,अखिलेश यादव, रणवीर सिंह, राणाप्रताप यादव, सनोज गोप, मुंडूल गोप,संजीव कुमार, मुखिया लाल किशोर राय, अनिल यादव, बिधनाथ यादव, जितेंद्र कुमार, शैलेश यादव, जितन राय,रमेश कुमार, शैलेश यादव, अशोक राय,उमेश यादव, किष्टु यादव, सोनु राय, राजेश गुप्ता, जीतू राय,मंगरु गोप,भिरगू यादव,दिलीप राय,हलधर राय,पप्पू यादव, कृष्णा साव,ललन सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।होली मिलन समारोह में विधायक भाई वीरेंद्र जहां होली गीत गाने के साथ ही ढोलक पर थाप भी लगाई वही नगर परिषद अध्यक्ष बिधाधर विनोद सिंह होली के जोश में गमछे उड़ाते हुए दिखे।वहीं उपस्थित सभी अतिथियों को प्रमुख की ओर से गमछा व माला से सम्मानित किया गया। आगंतुकों के सम्मान के बाद भोजपुरी कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। भोजपुरी कलाकारों ने होली गीत सदा आनंद रहे एही द्वारे मोहन खेले होरी हो,फगुनवा हो गोरी रसे रसे बरसे,आदि कई होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।वहीं इस अवसर पर विधायक भाई वीरेन्द्र ने प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश प्रसारित करने की अपील लोगों से की।बिधाधर विनोद सिंह ने शांति व सद्भाव के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया।

## चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वाले 13 पदाधिकारियों एवं कर्मियों को एसडीएम ने किया सम्मानित

**प्रशस्ति पत्र मिलते ही उत्साहित दिखे पदाधिकारी**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल कार्यालय में पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को सोमवार को एसडीएम अभिषेक कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डीसीएलआर कोमल किरण एवं लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली उपस्थित रहें। एसडीएम ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से संबंधित कार्यों के आयोजन एवं संपादन में मसौढी विधानसभा के कई पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सराहनीय कार्य किया था, जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार,, मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार, मसौढ़ी सीओ प्रभात रंजन, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राणा रणजीत, आपूर्ति प्राधिकारी वीरेंद्र कुमार, मनरेगा पदाधिकारी राकेश नंदन सिन्हा, जय शिव सत्यानंद,विधी विशेषज्ञ, डाटा ऑपरेटर अविनाश कुमार, प्रभु सिंह सहायक प्रशसी पदाधिकारी, नाजीर नवल किशोर, लिपिक पप्पू कुमार संजय कुमार, अरविंद कुमार ,आरटीपीएस कर्मी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।एसडीएम अभिषेक कुमारी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान कर्मियों ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया और चुनाव को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कर्मियों को बधाई दी और कहा कि वे अपने कार्य में और भी अधिक मेहनत करें और समाज के लिए अपना योगदान देते रहें। प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद कर्मियों ने एसडीएम को धन्यवाद दिया और कहा कि वे अपने कार्य में और भी अधिक मेहनत करेंगे और समाज के लिए अपना योगदान देते रहेंगे।

## 83 बोतल विदेशी शराब जप्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर इन दिनों स्थानीय थाना एवं मध निषेध विभाग एक्टिव मोड में नजर आ रही है और लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है, ताकि होली पर्व शांति के साथ संपन्न हो सके, ऐसे में सोमवार की दोपहर पटना गया रेलखंड के नदवां रेलवे स्टेशन के पास एक्साइज पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि झारखंड से भारी मात्रा में ट्रेन के जरिए शराब लाई जा रही है, ऐसे में सादे लिबास में पुलिस ने ट्रेन के चारों तरफ घेराबंदी करते हुए छापेमारी की जहां 83 बोतल विभिन्न कंपनियों की शराब को जप्त किया गया है, हालांकि सप्लायर भागने में सफल रहे, एक एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि विदेशी शराब की खेप नदवा रेलवे स्टेशन से जैसे ही उतर रहा था उसे वक्त उसकी गिरफ्तारी की गई है हालांकि शराब सप्लायर भागने में सफल रहे।

## आर्य समाज पुस्तकालय में होली मिलन समारोह आयोजित

**डॉ. राजकिशोर सिंह बने 'महामूर्खाधिराज'**





**पालीगंज (पटना) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार स्थित आर्य समाज पुस्तकालय में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन डॉ. ज्ञानप्रकाश की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक होली गीतों और हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक फाग गीतों से हुई। इसके बाद रंगों के पर्व होली की मस्ती और सामाजिक सरोकारों पर आधारित हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत कर कलाकारों ने उपस्थित लोगों को खूब गुदगुदाया। वक्ताओं ने होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में डॉ. राजकिशोर सिंह, विजय नारायण सिंह यादव, सतेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. राजेंद्र तिवारी, सुमेर सिंह, रजनीकांत, मगही विभाग के प्रोफेसर दिलीप सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार एवं अनिल आजाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पालीगंज की पूर्व सरपंच उर्मिला देवी, मोहन चौधरी, अरविंद पासवान, विनय वर्मा, नवल किशोर, उमेश सिंह एवं अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान परंपरा के अनुसार डॉ. राजकिशोर सिंह को 'महामूर्खाधिराज' की उपाधि से सम्मानित किया गया, जिस पर उपस्थित लोगों ने ठहाकों और तालियों से स्वागत किया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सीपीएम कार्यकर्ताओं ने इरान पर हुए हमले के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति का किया पुतला दहन




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीपीएम के द्वारा इरान पर हुए हमले के विरोध में मसौढ़ी में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने आक्रामनकारी नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए विश्व शांति की मांग उठाई।जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आयोजित किया गया, जहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर हमले का विरोध जताया।सभा को संबोधित करते हुए पटना जिला कमेटी के सचिव शिव कुमार विद्यार्थी ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सीपीएम शांति और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।इस अवसर पर पटना जिला के सदस्य प्रोफेसर सीपी मंडल, प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, चंद्रिका शर्मा ,रामाशीष प्रसाद, भरत यादव, रामजी प्रसाद, अच्छेलाल यादव ,राजवल्लव सिंह ,रवीन्द्र कुमार सिंह ,तथा डा योगेन्द्र प्रसाद भी अपने विचार व्यक्त करते हुए हमले की कड़ी निंदा की और इसे विश्व शांति के लिए खतरा बताया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## होली पर घर जाने की होड़ में जान जोखिम में डाल रहे यात्री, बोगी में जंग जैसी स्थिति



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली को लेकर पटना गया रेलखंड में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। सोमवार को तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की काफी भीड़ देखने को मिली, जहां रेलवे प्रशासन के इंतजाम भीड़ के सामने कमजोर पड़ते नजर आए। घर पहुंचने की जल्दबाजी और अपनों के साथ त्योहार मनाने की चाहत में लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर दिखे। ट्रेनों के अंदर बोगी में पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी और कई बोगी में क्षमता से तीन गुना तक यात्री सवार हो गए।भीड़ के कारण कई यात्रियों को दरवाजे और पायदान पर लटककर सफर करना पड़ा। ट्रेनों के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही यात्रियों के बीच चढ़ने और उतरने को लेकर धक्का-मुक्की शुरू हो जाती थी। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती कि यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की और शोरगुल से अफरातफरी जैसा माहौल बन जाता। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक यात्री ने कहा कि ट्रेन के अंदर घुसना किसी जंग को जीतने जैसा लग रहा है। अंदर सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है, लेकिन होली पर घर जाना मजबूरी है। कोच के गलियारे से लेकर शौचालय तक यात्रियों की भीड़ लगी रही। कई यात्रियों को पूरी यात्रा खड़े होकर करने की तैयारी के साथ सफर करना पड़ा।

# पालीगंज में फीकी पड़ रही फगुआ की मिठास

**ढोलक की थाप से डीजे के शोर तक सिमटती पारंपरिक होली गायन की परंपरा**

**अशोक कुमार**



पालीगंज (पटना) नवबिहार टाइम्स संवाददाता फाल्गुन की मस्ती, ढोलक की थाप, मंजीरे की छनछन और चौपाल पर देर रात तक गूंजते फाग के गीत कभी गांवों की पहचान हुआ करते थे। जैसे ही होली का महीना आता, खेत-खलिहानों से लेकर आंगन तक रंग और राग की महफिल सज जाती थी। लेकिन बदलते समय के साथ अब यह परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती नजर आ रही है। बसंत के आगमन के साथ ही पालीगंज अनुमंडल के ग्रामीण इलाकों में कभी अलग ही रौनक दिखती थी। खेतों में लहलहाती सरसों, आम के बागों में आई मंजरियों की भीनी खुशबू और संध्या होते ही गांव की चौपालों पर सजती फगुआ की महफिलें-यही इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान हुआ करती थी। लेकिन बदलते समय के साथ यह परंपरा अब धीरे-धीरे स्मृतियों में सिमटती जा रही है। पालीगंज प्रखंड के खपुरा, कालोपुर लालगंज सेहरा ,मखमिलपुर, पतौना, रघुनाथपुर, निरखपुर, सियारामपुर, मसौढा,सहित आसपास के गांवों में कभी होली से पंद्रह-बीस दिन पहले ही टोलियां बन जाती थीं। बुजुर्ग ढोलक और झाल संभालते, युवा सुर साधते और बच्चे मंजीरे की ताल पर साथ देते। रात होते ही किसी न किसी दरवाजे पर 'फगुआ' की शुरूआत हो जाती- 'सुमिरत श्री भगवान अरे लाला, सुमिरत श्री भगवान हो'.... इसके बाद भक्ति, श्रृंगार और हास्य से भरे गीतों की श्रृंखला देर रात तक चलती-'बाबा हरिहर नाथ, सोनपुर में होली खेले... यमुना तट श्याम खेलत होरी... 'ठहर-ठहर ईयार, घर से अबीर गुलाल लावेद... न गीतों से गांव की गलियां गूंज उठती थीं। फाग के गीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का माध्यम थे। एक ही चौपाल पर हर वर्ग और हर उम्र के लोग बैठते, आपसी मतभेद भूलकर रंग और राग में डूब जाते थे।

**'अब चौपाल नहीं सजती'**

खपुरा गांव के राजेश्वर शर्मा,नित्यानंद वर्मा, लोकगायक उमेश यादव बताते हैं, पहले होली से तीन हफ्ता पहले से ही टोली निकल जाती थी। हर रात अलग-अलग टोला में फगुआ गाया जाता था। अब डीजे बजता है, लेकिन वह अपनापन नहीं है। चौपाल अब नहीं सजती।

इसी तरह कालीपुर के बजरंगी सिंह कहते हैं कि पारंपरिक होली गायन में गांव की एकजुटता दिखती थी। ह्लफगुआ केवल गीत नहीं था, यह गांव को जोड़ने का माध्यम था। अब लोग मोबाइल पर गीत सुन लेते हैं, लेकिन सामूहिकता कम हो गई है।ह्व

**ढोलक की थाप पर भारी डीजे का शोर**

स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि पहले होली का असली आनंद सामूहिक बैठकों में था। ढोलक, झाल और करताल की सधी हुई थाप पर गाए जाने वाले फगुआ गीतों में भक्ति, हास्य-व्यंग्य और सामाजिक संदेशों का अनूठा संगम होता था। लेकिन अब गांवों में ढोलक की आवाज कम और डीजे का शोर अधिक सुनाई देता है। फिल्मी और तेज धुनों वाले गीतों ने पारंपरिक होली गायन की जगह ले ली है। नई पीढ़ी सोशल मीडिया और इंटरनेट पर होली गीत सुनने में ज्यादा रुचि ले रही है।

# उत्तर कोयल नहर के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का रखें ख्याल : अभिलाषा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना (एनकेआरपी) के अंतर्गत बिहार भाग में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा नवीनगर, मदनपुर, अंबा एवं औरंगाबाद प्रमंडल क्षेत्रों में विभिन्न कार्य एजेंसियों द्वारा निष्पादित कार्यों का पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अवलोकन किया गया। एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्यों में तीव्रता लाई जाए। बैठक में राइट मेन कैनाल (आरएमसी) के विभिन्न पैकेजों के अंतर्गत मिट्टी कार्य, कैनाल लाइनिंग, संरचनाओं के निर्माण, भौतिक प्रगति, लंबित कार्यों एवं लक्षित तिथि 31 मार्च 2026 के अनुरूप कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई। परियोजना की कुल 77.69 किमी लंबाई के विरुद्ध समग्र भौतिक प्रगति लगभग 43.50 प्रतिशत दर्ज की गई है। बीते एक सप्ताह में 2.02 प्रतिशत की प्रगति प्राप्त हुई है। बैठक में यह अवगत कराया गया कि पैकेज-7 के कार्य आवंटन की अनुशंसा तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 23 फरवरी 2026 को एल-2 निविदाकर्ता के पक्ष में की गई है। वितरण तंत्र के शेष कार्यों हेतु पुनः निविदा की प्रक्रिया प्रगति पर है। एनकेसीडी गया (1/2 एवं 2/2) के अंतर्गत निविदा खोलने के उपरांत तकनीकी मूल्यांकन जारी है। व्यय की समीक्षा में बताया गया कि आरएमसी कार्य हेतु 49.225 करोड़ रूपये की आवंटित राशि के विरुद्ध 35.75 करोड़ रूपये व्यय किए जा चुके हैं। भूमि अर्जन मद में औरंगाबाद एवं गया जिलों में कुल 92.54 करोड़ रूपये के आवंटन के विरुद्ध 49.44 करोड़ रूपये व्यय किए गए हैं। भूमि अर्जन की स्थिति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि औरंगाबाद जिला में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लक्ष्य के विरुद्ध 36.563 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जा चुकी है तथा शेष भूमि विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रक्रियाधीन है। गया जिला में 96.749 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 88.045 हेक्टेयर भूमि अर्जित की जा चुकी है एवं शेष भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई प्रगति पर है। विद्युत अवरोधों के निराकरण की दिशा में राइट मेन कैनाल क्षेत्र में 1257 विद्युत पोल एवं 19 ट्रांसफार्मरों का स्थानांतरण किया जा चुका है। साथ ही 31.90 किमी पर उच्चदाब (एचटी) ट्रांसमिशन लाइन को उठाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वितरण तंत्र से संबंधित 114 स्थलों में से 105 का संयुक्त निरीक्षण पूर्ण हो चुका है, शेष स्थलों का निरीक्षण संबंधित विद्युत एजेंसी के साथ प्रगति पर है। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्य एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जहां जलजमाव अथवा अन्य तकनीकी बाधाएं हैं, वहां अतिरिक्त मशीनरी एवं मानवबल की तैनाती कर कार्य को बाधारहित किया जाए। साथ ही, लंबित प्राक्कलन एवं स्वीकृति से संबंधित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चाणक्य शर्मा और आदित्य शेखर बने सर्वोच्च न्यायालय के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के दो युवा अधिवक्ताओं ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। सफल अभ्यर्थियों में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के सुपुत्र आदित्य शेखर तथा सुशील कुमार सिंह के सगे छोटे भाई कर्नल सुधीर सिंह के दामाद चाणक्य शर्मा शामिल हैं। दोनों की इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है। विदित हो कि इस वर्ष एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड परीक्षा का परिणाम मात्र 13 प्रतिशत रहा है। यह परीक्षा विधि क्षेत्र की अत्यंत कठिन परीक्षाओं में गिनी जाती है। वर्ष 2026 में अब तक के इतिहास में सबसे कम, यानी केवल 13 प्रतिशत अभ्यर्थी ही इस परीक्षा में सफल हो सके हैं, जिससे इसकी कठिनता का अंदाजा लगाया जा सकता है। चाणक्य शर्मा और आदित्य शेखर के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड बनने पर औरंगाबाद के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। स्थानीय नागरिकों ने इसे उनकी कठिन मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम बताते हुए कहा कि उनकी सफलता से जिले के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।


# समस्या समाधान के लिए सुलभ मंच दे रहा सबका सम्मान - जीवन आसान कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले के विभिन्न स्तरों पर "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों तथा पंचायत स्तर के कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिससे आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी शिकायतें दर्ज कराने एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ। जनता दरबार के दौरान परिवादियों की सुविधा एवं सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए सभी संबंधित कार्यालयों में परिवादियों के लिए सम्मानपूर्वक बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की गईं, ताकि परिवादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनता दरबार में परिवादियों से प्राप्त शिकायतों का विधिवत पंजी संधारण किया गया तथा संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन के साथ-साथ उनके सतत् अनुश्रवण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उक्त पहल का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को अधिक जनोन्मुखी, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाना, परिवादियों की समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें सुलभ मंच उपलब्ध कराना तथा प्रशासन एवं आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। इस दिशा में जिले के सभी स्तरों पर आयोजित जनता दरबार को लेकर परिवादियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

# पुआल जलने से पशुओं के लिए चारे का संकट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। खलिहान में रखें करीब चार बीघा के पुआल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते पुआल खाक हो गया। मामला कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के बरहेता गांव की है।

इस घटना से उस निवासी रामस्वरूप मेहता को पशु चारे की संकट उत्पन्न हो गई है। घटना सोमवार के दोपहर की है। खलिहान से उठती आग की लपटों और धुएं को देखकर राहगीरों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आग पर काबू पाना चाहा लेकिन पुआल के सुखे डंठलों में आग तेजी से फैलती चली गई और खलिहान के किनारे दो पीपल के पेड़ को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग को बेकाबू होता देख डायल 112 पर कॉल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर दमकल घटनास्थल पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। इस घटना में पुआल जल कर राख हो चुका था। पीड़ित रामस्वरूप मेहता ने बताया कि आग कैसे लगी, इसका स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। खलिहान में करीब चार बीघा के फसल का पुआल रखा हुआ था। पुआल जल जाने के कारण मवेशियों के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# जबरन रंग न लगायें, सौहार्द के साथ मनायें होली




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। मदनपुर थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड शांति समिति की बैठक की गई जिसमें थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाए। रंग और गुलाल लगाकर प्रेम का इजहार करें। होली के रंग में भंग डालने वालों के विरुद्ध सख़्त से सख़्त कारवाई की जाएगी।होलिका दहन में कोई अवस्था उत्पन्न न करें। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। सीओ मो. अकबर हुसैन ने कहा विभिन्न जगहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों से शांति और विधि व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील है। गड़बड़ी करने वाले व्यक्ति के बारे में प्रशासन को सूचित करें। बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने कहा कि होली पर्व खुशी और हर्षोल्लास से मनाएं। रंग व अबीर उसी को लगाएं जो स्वीकार करता हो, जबरन नहीं लगाएंगे। बैठक में अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार सिन्हा, रवीन्द्र कुमार यादव, ज्ञानदत्त पाण्डेय, मुखिया संजय यादव, मुखिया विवेक कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया सरफराज आलम, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, राहुल कुमार सिन्हा,सुनील कुमार सिंह सहित पुलिस अधिकारी एस आई रोहित कुमार, एस आई पुष्पा कुमारी, मंटू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# होली के मद्देनज़र हसपुरा में फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को हसपुरा थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च की शुरुआत हसपुरा थाना परिसर से की गई। यह मार्च मेहंदिया रोड होते हुए पिरू, रघुनाथपुर, किसुनपुर, अमझर शरीफ, नरसन चहुंटा, मलहारा और जखौरा गांवों से गुजरता हुआ पचरूखिया एवं सिहाड़ी पहुंचा। इसके बाद मुख्य बाजार, पटेल चौक, हाईस्कूल मोड़, बस स्टैंड तथा हसपुरा प्रखंड परिसर होते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुआ। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने संयुक्त रूप से किया। मार्च में बिहार पुलिस के जवानों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस-प्रशासन द्वारा आमजन से होली के अवसर पर शांति, सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प दोहराया।

# दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा झरही नदी का पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के शिवगंज स्थित झरही नदी पर बिना रेलिंग का पुल इन दिनों हादसे को आमंत्रण दे रहा है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से बिना रेलिंग के बने पुल पर रेलिंग का निर्माण कराए जाने की मांग की है परंतु अबतक रेलिंग का निर्माण नहीं कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण झरही नदी पुल पर 15 वर्षों पूर्व सिचाई विभाग के द्वारा बड़ी लागत से पुल का निर्माण कराया गया था। पुल तो बनाई गई परंतु रेलिग नहीं लगाया गया। बता दें कि इस पुल से होकर दरभंगा, रसलपुर, शिवगंज सहित कई गांवों के ग्रामीण आवागमन करते हैं परंतु जर्जर पुल वर्षों से रेलिग विहीन है। सबसे अधिक परेशानी दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को होती है। सबसे अधिक परेशानी रात्रि में होती है। रात्रि के अंधेरे में ग्रामीण पुल से होकर गुजरते हैं। नदी से पुल की ऊंचाई काफी कम है। जब कभी भी नदी में बाढ़ आती है तो पानी पुल के ऊपर से होकर गुजरता है। ऐसे में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल रेलिंग विहीन होने के कारण कई बच्चे व अन्य व्यक्ति इस पुल से गिरकर घायल हो चुके हैं। शिवगंज के विनोद सिंह, उदय सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि पुल में रेलिंग लगाने अथवा नए सिरे से इसके निर्माण को लेकर लोगों ने मांग की थी लेकिन इस ओर किसी का ध्यान जाता ही नहीं है। पुल स्थिति इतनी दयनीय है कि कभी भी हादसा हो सकता है। अगर समय रहते पुल पर रेलिग का निर्माण नहीं कराया गया और कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीण अब यहीं क्यास लगाए बैठे है कि आखिरकार पुल पर रेलिंग का निर्माण कब होती है।

## कुशा कैनाल नहर क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। उत्तर कोयल नहर से निकली कुशा कैनाल को तत्काल मरम्मत करने की आवश्यकता है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह कैनाल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। नहर की उड़ाही न होने के कारण किसानों के खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कुशा कैनाल से बेलाई, बसडीहा, भटवां, साया, मुरली बेलाई, दानी बिगहा, कुशा, भगली सहित दर्जनों गांवों के किसानों के खे्तों तक पानी पहुंचता है। किसान विनय कुमार सिंह, वीरेंद्र पांडेय, धर्मंद्र सिंह सहित बताते हैं कि नहर के क्षतिग्रस्त होने और उड़ाही न होने होने के कारण खेती में कठिनाई हो रही है।

# सात दिवसीय होगी श्रीमद्भागवत कथा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। मदनपुर उमगा सूर्य मंदिर प्रांगण में 9 से 15 मार्च तक श्रीमद्भागवत अमृत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसका मुख्य यजमान चेईनवादा पंचायत के मुखिया वह समाजसेवी विकाश कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा वाचक वृन्दावन के सुप्रसिद्ध नीरज भास्कर जी महाराज का अमृत प्रवचन होगा। आचार्य रुपेश पाठक, पावन सानिध्य आचार्य विष्णु पाठक होंगे। मुखिया विकाश कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति भाव, धार्मिक अध्यात्मिकमय वातावरण हो और लोगों का जीवन सुख शांति और समृद्धि का लाभ मिले। सनातनियों से सादर अपील है कि श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान करें। धार्मिक भजन कीर्तन से लोगों का जीवन में खुशियां और खुशहाली आएगी। जीवन में शुद्धता भाव होगा। इस अवसर पर धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति होगी। प्रसाद वितरण, वृहद भंडारा कार्यक्रम होगा। श्रीमद्भागवत अमृत कथा आयोजन की तैयारियां की जा रही है।

# ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद में होली मिलन समारोह आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**औरंगाबाद**। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पवित्र त्योहार है जो फाल्गुन मास की पूर्णिमा को बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। जहां लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं। भारत के सबसे जीवंत और रंगीन त्योहार 'होली' हैं। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि यह प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि सच्चाई और अच्छाई की हमेशा जीत होती है। भक्त प्रहलाद और होलिका की पौराणिक कथा हमें सिखाती है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, ईश्वर हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। होली का त्योहार वसंत ऋतु के आगमन के साथ आता है जब चारों तरफ रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं और मौसम सुहावना होता है। यह समय पुराने गिले-शिकवे भूलकर गले मिलने और रिश्तों में मिठास घोलने का होता है। होली रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे की अनूठी मिसाल है। यह वह पर्व है जो हमारी संस्कृति की विविधता को दिखाता है। मौके पर मौके पर ई. सूरज कुमार पाण्डेय, सुरभि चटजी, अनुष्का तिवारी, आषा देवी, गणेष पद सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरी षंकर परीक्षा, विनय कुमार सिंह, महादेव कुमार, अनादि प्रमाणिक, महेन्द्र प्रसाद, मनोरमा कुमारी, उमा देवी, ज्योति कुमारी तिवारी, अभिषेक कुमार, आरती कुमारी मौजूद थे।

# कानून के विरुद्ध कोई एक्टिविटी नहीं होगा बर्दाश्त : अम्बरीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले की विभिन्न थानों की पुलिस ने पिछले 24 घंटे के भीतर कई मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 75 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से 39 अभियुक्तों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दहेज़ हत्या में 1, हत्या प्रयास में 5, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 27 तथा अन्य मामलों में 42 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 855 लीटर देसी, 157.32 लीटर विदेशी शराब, 2 बाइक, 1 चार चक्का वाहन, 1 ऑटो बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1198 वाहनों की जांच की गई जिसमें 67000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। यह कार्रवाई नगर, रिसियप, टंडवा, रफीगंज, बारुण, बड़ेम, नरारी कलां, मदनपुर, ओबरा, दाउदनगर, सलैया एवं हसपुरा थाना की पुलिस द्वारा की गई। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने त्यौहार को लेकर आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# सुनवाई में न हो अनावश्यक विलंब : अभिलाषा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर कुल 40 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, पैक्स से संबंधित विषय, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, शस्त्र स्थानांतरण, इंदिरा आवास, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, विद्यालय भवन निर्माण, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, अनुग्रह अनुदान,माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# भाजपा जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सह रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह द्वारा शहर के टिकरी रोड स्थित एक रिसोर्ट में होली के अवसर पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में रंग, उमंग और सामाजिक समरसता की अनूठी झलक देखने को मिली। इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी शामिल हुए। समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन स्थल पर आकर्षक सजावट, पारंपरिक संगीत और उत्सवी माहौल ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा, बुजुर्ग सभी ने पूरे उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर सतीश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि होली सामाजिक बंधनों को मजबूत करने वाला पर्व है। यह त्योहार आपसी भेदभाव मिटाकर प्रेम, भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकजुटता बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए क्षेत्र की एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे समारोह शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी हैं।

# होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। होली पर्व के मद्देनजर जिले में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में औरंगाबाद अग्निशमालय के अग्निशमन कर्मियों द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। होलिका दहन के दौरान संभावित अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से प्रमुख स्थानों पर कैनोपी लगाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई तथा सैकड़ों पंपलेट वितरित किए गए। अभियान के दौरान अग्निशमन दल ने लोगों को बताया कि होलिका दहन हमेशा खुले एवं सुरक्षित स्थान पर करें। आसपास सूखी घास, लकड़ी, प्लास्टिक या अन्य ज्वलनशील पदार्थ न रखें। बिजली के तारों और ट्रांसफार्मर के नीचे होलिका दहन न करने की विशेष अपील की गई। साथ ही बच्चों को आग से दूर रखने, पास में पानी, बालू या अग्निशामक यंत्र रखने की सलाह दी गई ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।

अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि पर्व-त्योहार के समय थोड़ी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग की ओर से होली के दौरान अतिरिक्त चौकसी बरती जाएगी तथा किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों एवं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का जागरूकता अभियान समय की आवश्यकता है। अग्निशमन विभाग की तत्परता से लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इससे संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। अंत में अग्निशमन कर्मियों ने सभी से अपील की कि वे सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल अग्निशमन सेवा को सूचित करें।

# सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाएं होली और रमजान

## फूहड़ गीत बजाने, हुड़दंग करने व जबरन रंग लगाने वालों पर पुलिस करेगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में होली एवं पवित्र रमजान माह में शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संयुक्त आदेश जारी किया गया है। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी समुदायों के लोग आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ अपने-अपने पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करें। उल्लेखनीय है कि 19 फरवरी से पवित्र रमजान माह भी प्रारंभ हो चुका है। 4 मार्च को होली एवं रमजान की गतिविधियाँ एक साथ होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता एवं निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिले में आवश्यकतानुसार दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। किसी भी प्रकार के डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। अश्लील गीत बजाने, हुड़दंग करने, जबरन रंग डालने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों तथा पूर्व में संवेदनशील रहे स्थानों पर विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। इन क्षेत्रों में सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी। अनुमंडल एवं जिला स्तर पर क्विक रिस्पॉन्स टीम तथा पर्याप्त रिजर्व बल को अलर्ट मोड में रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटा जा सके। अग्निशमन विभाग को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिया गया है तथा जिला मुख्यालय एवं अनुमंडल स्तर पर पानी से भरे अग्निशमन वाहनों को तैयार रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 से 5 मार्च तक सदर अस्पताल एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं आवश्यक चिकित्सा कर्मियों की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काऊ, आपत्तिजनक या असत्य पोस्ट को साझा न करें। सोशल मीडिया गतिविधियों पर प्रशासन की सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपात स्थिति की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या जिला नियंत्रण कक्ष को देने का आग्रह किया गया है। जिला शांति समिति की बैठक में सभी सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव को भी संयुक्त आदेश के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं के सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में मनाया जा सके। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है और विश्वास व्यक्त करता है कि जिलेवासी परंपरागत सद्भावना एवं भाईचारे की भावना को बनाए रखते हुए दोनों पावन अवसरों को शांतिपूर्वक संपन्न करेंगे।

### होली में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** होली में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय है। इसके लिए थाने के विभिन्न गांवों में छापेमारी तेज कर दी गई है। पूर्व से शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर है। हुड़दंगियों पर नकेल कसने हेतु 95 व्यक्तियों पर भादवि की धारा 107 के तहत कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि एसडीएम मंझौल के न्यायालय में कुल 54 तथा एसडीएम बखरी के न्यायालय में कुल 72 व्यक्तियों पर उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। सभी आरोपित ने बेल बांड भरकर जमानत ली है एवं शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करने का भरोसा दिया है।

# सांगठनिक मजबूती को लेकर कांग्रेस ने की बैठक

## कार्यकर्ताओं से किया गया संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सोमवार को पर्यवेक्षक द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के रजौरा स्थित विवाह भवन में जिला कांग्रेस एआईसीसी पर्यवेक्षक मो मनन और बीपीसीसी पर्यवेक्षक पूर्व विधायक अजय कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस विमर्श कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से पर्यवेक्षक का स्वागत किया। संगठन की मजबूती के लिए खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। ज्ञात हो कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस हर जिले में कार्यकर्ताओं की राय जानकर सांगठनिक पदाधिकारियों की नियुक्ति का अभियान चला रही है। श्री मनन और श्री कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की धूरी होते हैं जो जमीनी हकीकत के ज्यादा नजदीक होते हैं। उनका नेतृत्व किस तरह का अनुभवी, जिम्मेदार, कर्मठ और संगठन के प्रति समर्पित होना चाहिए उनसे बेहतर कोई नहीं जान सकता। इसीलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप नेतृत्व देने का निर्णय लिया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने प्रभारी को संगठन की वर्तमान स्थिति में और ज्यादा सुधार हेतु भावी कार्यक्रम और जिला अध्यक्ष हेतु संभावित बेहतर उम्मीदवार पर अपनी राय दी। पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी भावना का पार्टी नेतृत्व ख्याल रखेगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, पूर्व जिला पार्षद संजय सिंह, जय प्रकाश साह, श्रीकांत राय, रामानंद सिंह, अजीत सिंह, नेपो सिंह, विजय राय, ओमप्रकाश सिंह, धर्मराज सहनी, हीरा झा, आनंद प्रेम, चंदन कुमार, सत्यम कुमार, पप्पू सिंह, अनिल सिंह, मो शेख जफर, मो नीलू, मो कुद्दूस, सावर कुमार, अंजनी सिंह, मोती सिंह, हरेराम राय, अभय कुमार, नीरज कुमार, पुष्कर गौतम, मो इमरान, रत्नेश टुल्लू, मुकेश सिंह, ज्ञानी सिंह, राघव कुमार, गौरव कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रिवर वैली स्कूल में मनाया गया 19वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** मंगलवार को रीवर वैली स्कूल में 19वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त बिहार सरकार के स्पेशल कैबिनेट सचिव अजय कुमार द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि डा अरुण कुमार पूर्व निदेशक सह वाइस चांसलर आईजीएम एस पटना थे। स्थापना दिवस का सम्पूर्ण कार्यक्रम जीवन दायिनी गंगा के अनूठे थीम पर आधारित था। स्कूल के बच्चों ने अलग अलग प्रोजेक्ट्स के माध्यम से जीवन दायिनी गंगा के महत्व का वर्णन किया। इनमें से कुछ प्रोजेक्ट्स नीर निर्मल,कृषी धरा, नमामी गंगा, डॉलफिन डोमेन, ब्लू हार्ट ऑफ बेगूसराय काबर, जीवन दायिनी गंगा, गंगा भारत की विरासत। इस कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गंगा प्रदूषण और निदान पर आधारित नाटक की खूब सराहना की गई। बचपन के बच्चों के द्वारा छठ पर्व की झाँकी, शिव तांडव का दृश्य, वर्ग षष्ठ की लड़कियों के द्वारा गोकुल की गाँव में शैली गीत और नृत्य की भी खूब सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन ई आर एन सिंह एवं जाने माने चिकित्सक नलिनी रंजन सिंह के द्वारा सम्मानित अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए अनुशासन बहुत जरुरी हैं। कमजोर बच्चें भी अगर अनुशासित है तो भविष्य में अच्छा कर लेंगे। जीवन में सफल हो जायेंगे. अनुशासनहीन मेधावी बच्चें भी भविष्य में असफल हो जातें हैं। इस अवसर पर आए शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए एवं अपने आर्शिवचन से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। चमथा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं आर्य भट्ट कोचिंग के संस्थापक अशोक सिंह अमर, प्रभारी प्राचार्य विशाल सिंह, गणितज्ञ दशरथ प्रसाद सिंह, सेवा निवृत्त केन्द्रीय विद्यलाय के प्राचार्य विभूति प्रसाद सिंह, इत्यादि गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत भाषण विद्यालय की प्रिंसिपल अनन्या पॉल के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के हिन्दी शिक्षक ललन सिंह के द्वारा किया गया।

## क्वार्टर फाइनल में वीरपुर स्टार्स विजेता

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड स्थित बीपीएस उच्च विद्यालय के प्रांगण मे आयोजित सौरभ आनंद स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामिंट के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में बीसीसी वीरपुर और वीरपुर स्टार्स के बीच सोमवार को संपन्न हुआ। टूर्नामिंट आयोजन समिति के सदस्य नैयर अली ने बताया कि टॉस जीत कर बीसीसी वीरपुर ने बल्लेबाजी करते हुए जीडी कॉलेज की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में से 13 वे ओवर में 122 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीरपुर स्टार्स की टीम ने 10 वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर शानदार जीत दर्ज की। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए वीरपुर स्टार्स टीम के बल्लेबाज सूरज 29 गेंद पर 75 रन बना कर कर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। मैच में निर्णायक के रूप में मोहम्मद कादिर और मोहम्मद चांद, स्कोरिंग राहुल कुमार ने किया।

## पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश के आलोक में आज सोमवार को आगामी होली पर्व को लेकर चांदन थाना व आनंदपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन चलाकर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व को मनाने की अपील की है। इस सम्बन्ध में चांदन थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती व आनंदपुर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके व आपसी सोहार्द से मनाने की अपील की। मौके पर अवर निरीक्षक राहुल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सर्वेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# बाबू राम नाथ राय ने किसानी व शिक्षा को जीवन का हथियार बनाया : अभिषेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जीरादेई/सीवान।** प्रखण्ड क्षेत्र के तीतरा गांव में राष्ट्र सृजन अभियान के क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को किसान नेता सह बाबू रामनाथ राय की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। रामदेव विचार मंच के संस्थापक अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि बाबू रामनाथ राय किसानी व शिक्षा को जीवन का हथियार बनाया। उन्होंने बताया कि इनके त्याग व परिश्रम की देन है कि पुत्र शिक्षित होकर खेती व सामाजिक कार्यो को जीवन का उद्देश्य बनाएं है वही चारों पौत्रों को पूर्ण शिक्षित किये जो आज राष्ट्र व समाज की सेवा में अपनी ऊर्ज़ा को लगा रहे है। प्रथम पौत्र आईएएस अधिकारी, द्वितीय ख्यातिप्राप्त सर्जन चिकित्सक तृतीय आईपीएस अधिकारी एवं चतुर्थ ख्यातिप्राप्त चिकित्सक है। पूर्व मुखिया रामेश्वर राय ने बताया कि रामनाथ बाबू को देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद से आत्मीय लगाव था। राष्ट्र सृजन अभियान के पदाधिकारी एवं व्यवसायी मंच के प्रदेश संयोजक देवेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रामनाथ बाबू को सामाजिक कार्यो के साथ -साथ धार्मिक कार्यों में भी काफी रुचि थी क्योंकि उन्होंने गांव व अन्य स्थानों पर मंदिरों के जीर्णोद्धार करवाये, इनकी लोकप्रियता की देन है कि तीतरा पंचायत वासियों ने प्रथम मुखिया निर्विरोध बनाया तथा प्रथम पैक्स अध्यक्ष भी निर्विरोध निर्वाचित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने किया तथा बाबू रामनाथ राय की प्रतिमा स्थापित करने का सुझाव दिया जिसे अगले वर्ष प्रतिमा लगाने के लिए पूर्ण सहमति बनी। इस मौके पर, बीरबल प्रसाद, डॉ प्रेम शर्मा, सरपंच चुन्नू सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक राय, जिला महामंत्री जयप्रकाश तिवारी, शानू राय, ई अंकित मिश्र, राजन तिवारी, अनिल राय, मृत्युंजय राय, मनोज कुमार, अवध किशोर उर्फ पप्पू कुमार राय, कैलाश राय, केशव सिंह, रेयाजुल हक आदि उपस्थित थे।

# रितेश पांडेय के साथ मंत्री मंगल पांडेय ने जमाया होली का रंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीवान।** सोमवार को नगर की हृदयस्थली गांधी मैदान में होली मिलन समारोह में उमंग, उल्लास और आत्मीयता का गुलाल खूब बरसा। सूबे के स्वास्थ्य सह विधि मंत्री और सीवान सदर के विधायक मंगल पांडेय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में रितेश पांडे, स्वाति मिश्रा, आलोक पांडे के होली गीतों पर लोग झूम उठे। इस समारोह में कॉमेडी बातों को सुनकर लोग ठहाका लगा लगा कर मस्ती के समंदर में गोते लगाए। दीप प्रज्ज्वलित करते समय दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह व्यास, गोरेयाकोठी विधायक देवेश कांत सिंह, बड़हरिया विधायक इंद्रदेव पटेल, भाजपा अध्यक्ष राहुल तिवारी, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष संजय पांडेय, जेडीयू के जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, जिला परिषद् अध्यक्ष संगीता देवी, कंग्रेस नेता शिवधारी दुबे, नगर परिषद् उपाध्यक्ष किरण गुप्ता, महादेव पासवान आदि मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में सिवान की सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिग्रीवाल, जीरादेई विधायक भीष्म पटेल कुशवाहा, डीएम सिवान विवेक रंजन मैत्रेय, एसपी पूरन कुमार झा, पूर्व एमएलसी मनोज सिंह की भी उपस्थिति रही। साथ ही नगर के प्रबुद्धजन दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सुधांशु शेखर त्रिपाठी, प्रोफ़ेसर राजा प्रसाद, सिवान चैंबर्स और कॉमर्स के उपाध्यक्ष डॉक्टर रूपेश कुमार, डॉक्टर रामेश्वर कुमार, समाजसेविका सुप्रिया कुमारी, आचार्य रंगनाथ उपाध्याय, उद्यमी विश्वकर्मा चौहान, शिक्षाविद् डॉक्टर गणेश दत्त पाठक, अनिल कुमार मिश्रा, नंद कुमार ओझा आदि भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रत्येक उत्सव जीवन में उमंग और उल्लास को बढ़ाता है। एक दूसरे से मिलकर हम आपसी लगाव और आत्मीयता को बढ़ाते हैं। होली उत्सव जीवन में रंगों के महत्व को बतलाने के साथ जीवन को खुश रखने का संदेश भी देता है। होली मिलन समारोह की सबसे खास बात यह रही कि लोकप्रिय गायक रितेश पांडे, स्वाति मिश्रा, आलोक पांडे के भजनों पर लोग झूम उठे। एक होली के गाने पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने झाल के साथ रितेश पांडे के गाने पर साथ दिया। इस अवसर पर मुकेश कुशवाहा, जीतेश सिंह, सत्यम सिंह सोनू, रूपल आनंद, प्रिया पंडित, विकास साहू, देवेंद्र गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता सहित भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सांसद विजय लक्ष्मी कुशवाहा, विधायक देवेशकांत सिंह, पूर्व एमएलसी मनोज सिंह आदि कुछ नेताओं ने कार्यक्रम स्थल पर घूम घूम कर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## ऑफिस सहायक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**बसंतपुर/सीवान (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के खेड़वा गांव निवासी जय नारायण ठाकुर सोमवार सुबह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वे साइकिल से सुघरी स्थित बीएड कॉलेज ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि जय नारायण ठाकुर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को डीएम ने सराहा

**सीवान (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर के आनंद नगर स्थित यूनिटी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को साइंस एक्जीबिशन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय रहे। उन्होंने स्कूल के बच्चों की क्रिएटिविटी को सराहा और कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं उनकी क्रिएटिविटी में ही निहित है। उन्होंने साइंस एक्जीबिशन में सहभागिता निभाए बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। बच्चों के साथ उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर संवाद कायम किया। रविवार को आनंद नगर स्थित यूनिटी इंटरनेशनल स्कूल में साइंस एक्जीबिशन में बच्चों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक शानदार वैज्ञानिक मॉडल बनाए। पर्यावरण संरक्षण के साथ विज्ञान के तमाम आयामों और भारतीय संविधान से जुड़े आयामों पर भी मॉडल बनाए। मुख्य अतिथि के तौर पर विद्यालय पहुंचे जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बच्चों की क्रिएटिविटी को भरपूर सराहा। साइंस एक्जीबिशन में सबसे आकर्षण का केंद्र एलियन रिसर्च लैब रहा, जिसमें बच्चों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। डीएम का स्वागत विद्यालय के उपचेयरमैन डॉक्टर रबाब फातिमा, निदेशक अबरार अहमद और प्रिंसिपल हामिद अली ने किया। उपचेयरमैन डॉक्टर रबाब फातिमा ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के चेयरमैन डॉक्टर शाहनवाज आलम ने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है कि उनकी क्रिएटिविटी को बढ़ाया जाए। मौके पर मौजूद यूनिटी इंटरनेशनल स्कूल के अकादमिक काउंसिल के वरिष्ठ सदस्य शिक्षाविद् डॉक्टर गणेश दत्त पाठक ने कहा कि आज के तकनीकी युग में बच्चों में क्रिएटिविटी को प्रोत्साहित करने का प्रयास बेहद सराहनीय है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-टेंडर-095, दिनांक 27.02.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के भागलपुर में कोचिंग स्टैब्लिंग लाइनों के लिए प्रकाश व्यवस्था एवं ओएचई का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,05,85,257.00; **बयाना राशिः** रु. 2,02,900; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 09.03.2026 से 23.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** तथा सीनि. डीईई/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-353/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यालय अंचल अधिकारी, देव, औरंगाबाद।**

बिहार सरकार

☎ 8544412422 co.deo.aura@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा**

देव चैती छठ मेला, 2026 दिनांक–22.03.2026 से 25.03.2026 तक मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक फर्मो/आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक–**11.03.2026** के अपराह्न **12:00** बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक–**12.03.2026** को अपराह्न **12:00** बजे प्रखण्ड सभागार, देव में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

| क्र0 | सामग्री का नाम | मात्रा/साईज | दर (सभी अनुमान्यकर सहित) |
|---|---|---|---|
| | **ग्रुप 'A' – लाईट, पंडाल, साउण्ड एवं टेन्ट समाग्री** | | |
| 01 | हैलोजन 100 वॉट | 120 | |
| 02 | 65 के0भी0ए0 जेनरेटर ईंधन सहित | 12 | |
| 03 | 10 के0भी0ए0 जेनरेटर ईंधन सहित | 100 | |
| 04 | ट्यूब लाईट | 3200 | |
| 05 | मेटल लाईट | 400 | |
| 06 | मशीन–2000 वाट | 07 | |
| 07 | मशीन–500 वाट | 07 | |
| 08 | मशीन–1000 वाट | 07 | |
| 09 | मशीन–1500 वाट | 07 | |
| 10 | हॉर्न सेट | 190 | |
| 11 | मिक्सर मशीन | 07 | |
| 12 | चोंगा | 30 | |
| 13 | बड़ा बाक्स | 40 | |
| 14 | कोडलेश माईक | 15 | |
| 15 | स्टेण्ड माईक | 02 | |
| 16 | स्टेब्लाईजर 05 के0भी0ए0 | 08 | |
| 17 | स्टेब्लाईजर 10 के0भी0ए0 | 08 | |
| 18 | वाटर प्रुफ पंडाल | 2000 sft. | |
| 19 | सामान्य पंडाल | 12000 sft. | |
| 20 | कारपेट | आवश्यकतानुसार | |
| 21 | सोफा | 12 | |
| 22 | वी0आई0पी0 कुर्सी कवर के साथ | 300 | |
| 23 | उद्घाटन स्टेज | 20x15 | |
| 24 | प्लास्टिक कुर्सी | 1200 | |
| 25 | टेबल क्लॉथ सहित | 150 | |
| 26 | तोशक/गदा | 2200 | |
| 27 | तकिया | 2200 | |
| 28 | बेडसीट | 2200 | |
| 29 | फोल्डिंग | 500 | |
| 30 | जाजिम | आवश्यकतानुसार | |
| 31 | दरी | आवश्यकतानुसार | |
| 32 | पोडियम | 01 | |
| 33 | पिनीअन बोर्ड | आवश्यकतानुसार | |
| 34 | घेरा साईडिंग | आवश्यकतानुसार | |
| | **ग्रुप 'B' – नास्ता, भोजन एवं रिफ्रेंस्मेन्ट** | | |
| 01 | **सुबह का नास्ता**<br>जलेबी–4 या मिठाई–02 अद्द (50 ग्राम)<br>पुड़ी/कचौड़ी–05 (150 ग्राम)<br>सूखा सब्जी– 100 ग्राम<br>अचार–10 ग्राम | प्रति थाली | |
| 02 | **दिन का खाना**<br>चावल–150 ग्राम<br>रोटी – 04 अदद<br>अरहर की दाल–150 ग्राम<br>मौसमी सब्जी आलू के साथ सूखा–100 ग्राम<br>आलू की भुंजियां–50 ग्राम<br>छेना का बड़ा रसगुल्ला–01 अद्द<br>अचार एवं नमक (पैकेट में)– 20 ग्राम<br>सलाद–50 ग्राम | प्रति थाली | |
| 03 | **रात का खाना**<br>चावल–150 ग्राम<br>रोटी – 04 अदद<br>अरहर की दाल–150 ग्राम<br>मौसमी सब्जी आलू के साथ सूखा–100 ग्राम<br>आलू की भुंजियां–50 ग्राम<br>छेना का बड़ा रसगुल्ला–01 अद्द<br>अचार एवं नमक (पैकेट में)– 20 ग्राम<br>सलाद–50 ग्राम | प्रति थाली | |
| 04 | रिफ्रेंस्मेन्ट/स्नैक्स/कॉफी/चाय/पेयजल (तीन दिन के लिए) | | |
| 05 | आर0ओ0 पानी (जार) | 200 | |
| 06 | पानी का बोतल–500 मि0ली0 (ब्रांडेड) | 10 पेटी | |
| 07 | पानी का बोतल–250 मि0ली0 (ब्रांडेड) | 10 पेटी | |
| | **ग्रुप 'C' – विविध** | | |
| 01 | HD विडियोग्राफी (सी0डी0 के साथ) | 06 Set | |
| 02 | CCTV Camera set | 100 Pcs | |
| 03 | LED Screen (With Live Internet Connection) | 08 | |
| 04 | Drone Camera | 02 | |
| 05 | आई0कार्ड0 | 500 | |
| 06 | बुके | 20 | |
| 07 | मोमेन्टो | 20 | |
| 08 | रिफ्रेशमेंट/स्नेक्स/कॉफी/चाय/पेयजल (तीन दिनों के लिए) | आवश्यकतानुसार | |
| 09 | जिला मुख्यालय/विभिन्न स्थान/कार्यक्रम स्थल पर फलेक्स एवं बैनर अधिष्ठापन | आवश्यकतानुसार | |

**नोट :–**

1. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में प्रत्येक ग्रुप के लिए अलग–अलग सीलबंद कर प्रस्तुत किया जायेगा।
2. तकनीकी निविदा में सफल निविदादात्ता का ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।
3. तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में निम्नलिखित कागजात रखे जायेंगे।
   (क) फर्म का निबंधन प्रमाण–पत्र।
   (ख) जी0एस0टी0 के अन्तर्गत निबंधन प्रमाण–पत्र।
   (ग) आयकर दाता होने का प्रमाण यथा पैन कार्ड।
   (घ) काली सूची दर्ज नहीं होने संबंधी स्वलिखित प्रमाण–पत्र।
   (ड.)अग्रधन के रूप में अंचल अधिकारी, देव औरंगाबाद के पदनाम से 20,000/– (बीस हजार) रू0 का निर्गत बैंक ड्राफ्ट या अंचल कार्यालय, देव में जमा राशि का नाजिर रसीद तकनीकी निविदा के लिफाफे में संलग्न करना होगा।
4. वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में उपरोक्त कार्यों का दर अंकित किया जायेगा। यह दर सभी अनुमान्य कर सहित होगा।
5. भुगतान के पूर्व सभी करों की कटौती श्रोत पर की जायेगी।
6. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय अस्वीकृत करने अथवा संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 025433 ( District ) 2025-26

अंचल अधिकारी,
देव

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ लोक गायन और नृत्य ने बांधा समां

## ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**औरंगाबाद।** शहर के चित्रगुप्त सभागार-सह-लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जब महिलाओं ने अपनी सधी हुई प्रस्तुतियों से रस, छंद और सौहार्द की बयार बहाई तो पूरा वातावरण मानो बृज की गलियों की तरह गुलाल और उमंग में सराबोर हो गया। जब कॉन्फ्रेंस की महिला विंग ने बेहद कुशलता से रंगों के साथ परम्परा और संस्कृति के विविध आयामों से समृद्धि प्रदान की तो रविवार की रात यह कार्यक्रम अपनी पूरी भव्यता में नज़र आया। 'ऐसी होली खेली कन्हाई, रंग गए बृज के नर-नारी...' जैसे पारंपरिक गीतों की स्वर लहरियों के बीच जब अबीर और गुलाल की हवाएं बहने लगीं तो लगा मानो बृजभूमि की अलौकिक छवि साकार हो उठी। 'गोरिया करी के सिंगार, अंगना में पिसे ली हरदिया ....' होली खेले रघुबीरा अवध में .... से ले कर रंग बरसे भीगे चुनर वाली ...जैसे होली गीतों ने भी माहौल को उसकी रंगत और मस्ती प्रदान की। महिला विंग की भारती श्रीवास्तव, संजना किशोर, डॉ. नीलम रानी, लक्ष्मी वर्मा, कामिनी वर्मा, मधु प्रसाद, निभा सिन्हा, अंजू सिन्हा, रश्मि सिन्हा, बबीता सिन्हा, श्वेता सिन्हा, आरती माथुर, पल्लवी प्रिया, आशा सिन्हा, सोनम श्रीवास्तव, नूपुर श्रीवास्तव, ज्योति सिन्हा, रूबी सिन्हा, रूमी रंजन, ममता सिन्हा, अर्पणा सहाय, संस्कृति किशोर, साक्षी सिन्हा, तेजस्वी सूर्या, अक्षिता सिन्हा, यशी किशोर समेत तमाम महिलाओं ने नृत्य, संगीत और पारंपरिक होली गीतों से मंच को जीवंत कर दिया। पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ लोक गायन और नृत्य ने भी समां बांधा। रंग और राग का ऐसा अद्भुत संगम, जिसमें हर मन हर्षित था और हर चेहरा गुलाल से सजा हुआ था। कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगाने पहुंचे ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, ई. बी. के. श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार संतोष, विजय कुमार सिन्हा, महेंद्र प्रसाद सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल बाबू, प्रेम सिन्हा, गणेश प्रसाद सिन्हा, संजय सिन्हा, अभय सिन्हा, सुनील सिन्हा, राजू रंजन, राजेश कुमार, सूर्यकांत, मुकुल सिन्हा, अमित कुमार, मुकेश सिन्हा, डॉ. अभिषेक, साकेत अम्बष्ट, कौस्तुभ किशोर, श्रेयस बी. चंद्रा, शिवम सिन्हा, मनोज श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, यश सिन्हा और मीडिया प्रभारी दीपक बलजोरी सहित सैकड़ों लोग इस रंगोत्सव के साक्षी बने। यह आयोजन महज एक उत्सव भर नहीं था, बल्कि यह अपने भीतर संस्कृति और परंपरा का संवेदनशील स्पर्श समेटे हुए था। दानिका संगीत संस्थान के कलाकारों डॉ रविंद्र कुमार, अंजली कुमारी, शिवांगी सिंह, खुशबू, सबिता सिन्हा ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति से इस होली मिलन को और गरिमामयी बना दिया। मंच पर जब परंपरागत होली गीतों की सुमधुर ध्वनि गूंजी, तब सभागार में बैठे हर शख्स के मन में होली के प्रति नई उमंग जाग उठी। गुलाल में रचे-बसे इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि होली केवल रंगों की नहीं, बल्कि अपनत्व, भाईचारे और संस्कृति की सजीव अभिव्यक्ति है। इस समारोह का उद्घाटन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, ई. बी. के. श्रीवास्तव, विनय कुमार सिन्हा, महेंद्र प्रसाद, अजय वर्मा ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ. कमल किशोर ने कहा कि जीकेसी का ये कार्यक्रम हमारी परम्परा के प्रति सम्मान और अपनी जड़ों से जुड़े रहने का प्रतीक है।

# लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष को किया गया सम्मानित

## एक विद्वान एवं कुशल विधिवेता के रूप में जाने जाते हैं अजय कुमार संतोष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** रविवार की रात शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय संगठन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष को राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक नियुक्त किए जाने पर उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र आदि भेंट कर विधिवत सम्मानित किया गया और विधि के क्षेत्र में 4 दशकों से उनके योगदान को रेखांकित किया गया। श्री संतोष को यह सम्मान कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर, विनय कुमार सिन्हा, इं बी के श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र प्रसाद एवं अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अजय कुमार संतोष की गिनती एक विद्वान एवं कुशल विधिवेता के रूप में की जाती है और इनके लोक अभियोजक बनने से न्यायालय में सरकार के पक्ष को मजबूती से रखा जा सकेगा। साथ ही लोगों को सहज एवं त्वरित न्याय मिलने में आसानी होगी। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध लोगों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी।


रंगों का त्योहार होली के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. श्याम कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जम्होर (औरंगाबाद)








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269









